26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 6 अप्रैल, 2026

अंक- 161 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# 'मैं गद्दार नहीं, पठान हूं...'

## दुबई से बोला आतंकी कनेक्शन का आरोपी आकिब, योगी-मोदी से लगाई गुहार

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** यूपी एटीएस के एक्शन के बाद ISI के संदिग्ध आतंकी साकिब उर्फ डेविल के दुबई में बैठे साथी आकिब की सफाई सामने आई है। आकिब ने दुबई से सोशल मीडिया पर बयान जारी किया है। आकिब ने कहा- मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं, मैं सच्चा देशभक्त हूं। जिन लोगों को पकड़ा गया है उनसे पूछताछ करो, किसी बेगुनाह को न फंसाया जाए।



बता दें कि एटीएस द्वारा मेरठ के साकिब उर्फ डेविल की गिरफ्तारी के बाद दुबई में रह रहे आकिब खान का नाम प्रमुखता से सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ कि साकिब का पाकिस्तानी आईएसआई हैंडलर से संपर्क आकिब ने ही कराया था। बीते साल आकिब का एक वीडियो कॉल वायरल हुआ था, जिसमें वह घातक हथियारों का प्रदर्शन कर रहा था।

अब इस मामले में बिजनौर पुलिस के अधिकारियों पर गाज गिरने के बाद आकिब ने वीडियो जारी कर दावा किया है कि वह कोई आतंकवादी नहीं है, उसने खुद को देशभक्त बताते हुए कहा कि वह दुबई में गाड़ी चलाकर 20,000 महीना कमाता है और मेहनत की रोटी खाता है।

आकिब ने वीडियो में भावुक होते हुए कहा- मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं, अगर कोई मेरे देश की तरफ आंख उठाएगा, तो मैं उसकी आंख निकाल लूंगा। मैं पठान हूं, गर्दन कटा सकता हूं, लेकिन झुकाऊंगा नहीं। उसने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विनती की है कि उसके खिलाफ गलत अफ़वाहें न फैलाई जाएं। आकिब का तर्क है कि उसे बिना जांच-पड़ताल के अपराधी घोषित किया जा रहा है।

### पुलिस और हथियारों की हकीकत

वायरल वीडियो में दिख रही एके-47 के बारे में आकिब का कहना है कि इसकी हकीकत पुलिस भी जानती है। उसने दावा किया कि उसके पास उन सभी पुलिसवालों के नंबर हैं जिन्होंने उससे पूछताछ की थी। उसने कहा, मैंने पूरी हकीकत पहले भी बयान की थी और अब भी पीछे नहीं हटूंगा। बेगुनाह को सजा मत दो, जो असली गुनहगार हैं उन्हें पकड़ो। फिलहाल, एटीएस उसके दावों और आतंकी नेटवर्क के बीच की कड़ियों को सुलझाने में जुटी है।

## ईरान और अमेरिका में 45 दिन के सीज़फ़ायर पर बातचीत

**तेल अवीव (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान और अमेरिका के बीच 45 दिन के सीजफायर को लेकर बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर बड़े हमले किए जा सकते हैं, जिसकी तैयारी अमेरिका और इजराइल ने कर ली है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्तावित समझौते के पहले चरण में 45 दिन का सीजफायर लागू किया जाएगा, जिसके दौरान स्थायी शांति समझौते पर बातचीत होगी। इस बातचीत में पाकिस्तान, मिस्त्र और तुर्किये मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। मध्यस्थों का कहना है कि अगले 48 घंटे इस डील के लिए आखिरी मौका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने ईरान के ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर हमले की योजना तैयार कर रखी है।

Requirement

किचन स्टाफ- दो
स्टोर मैनेजर- एक
(मेल/फीमेल)
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें।

Singh Enterpises
सिविल लाइंस, बिजनौर
मो. 8218014102

## पत्रकारिता के पुरोधा स्व. बाबू सिंह चौहान को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन

PUSHPA PORTOR PUBLIC SCHOOL
(पुष्पा पोर्टर पब्लिक स्कूल)
प्रवेश प्रारम्भ नर्सरी से कक्षा 5 तक
प्रवेश प्रारम्भ नर्सरी से कक्षा 5 तक
अंग्रेजी माध्यम
सुयोग्य एवं परिश्रमी टीचर्स
अग्रेजी माध्यम से शिक्षा
आपके बच्चे के सर्वांगीण विकास हेतु सभी सुविधाएं
समुचित फीस तथा सर्वोत्तम शिक्षा
माता पिता पर अनावश्यक खर्च का बोझ नही
आपके बच्चों का स्कूल आप के घर के पास




सेवारामपुर. रावली रोड, बिजनौर
मो. 7037308705, 9837801885
9557925763, 9927979617

# डॉ. अंजनी कुमार ने नगीना में अमिट छाप छोड़ी तबादले से लोगों में निराशा की लहर दौड़ी

## ‘संकट मोचन’ के नाम से विख्यात हुये

**नगीना ( चिंगारी )**। नगीना के जनप्रिय पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का नजीबाबाद सर्किल में तबादला हो गया है। उनकी जगह राजेश कुमार को नगीना सर्किल की कमान सौंपी गई है।



मार्च 2025 में अफजलगढ़ से नगीना सर्किल के सीओ बनाए गए डॉ.अंजनी कुमार चतुर्वेदी को खुद भी एहसास नहीं होगा कि अपनी कार्यशैली और व्यवहार कुशलता के बल पर वह एक साल तक नगीना में पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर तैनात रह सकेंगे। एक साल तक नगीना में पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर तैनात रहे डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने अपने मधुर व्यवहार और ईमानदार व साफ छवि के बल पर हर आम व खास लोगों के दिलों में खास जगह बनाने का काम किया। पिछले एक साल के दौरान कई ऐसे मौके आए जब उन्होंने अपनी होशियारी, कर्तव्य निष्ठा व व्यवहार कुशलता के बल पर उस मसले को हल करते हुए अपना लोहा मनवाने का काम किया। उन्हें लोग हर कठिन मसले पर ‘संकट मोचन’ होने का नाम भी देने लगे थे।

प्रतिदिन अपने कार्यालय में हर फरियादी की बात को बारीकी से सुनते हुए उसके जख्मों पर मरहम लगाना व लगातार काम के प्रति सजक रहने की उनकी इस कला ने उन्हें लोगों के बीच खास लोकप्रिय बनाने का काम किया। हर दूसरा व्यक्ति उनसे अपने मधुर संबंधों का वास्ता देते हुए हर समस्या के समाधान करा देने का दावा करता हुआ दिखाई देता था। रविवार की रात्रि जब उनके तबादले की ख़बर आई तो नगीना के लोगों को यकायक विश्वास नहीं हुआ। उनके नजीबाबाद तबादले से नगीना के आम लोगों व शुभ चिंतकों को निराशा हुई है। हालांकि तबादला नौकरी की एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन जब कोई अधिकारी जनता के प्रति लोकप्रिय बन जाता है, तो उसका तबादला लोगों को रास नहीं आता। सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। हर आम और खास एक लंबे समय तक उन्हें नगीना ही देखना चाहते थे। हालांकि नये सीओ के रूप में नगीना आ रहे राजेश कुमार से भी लोगों को बहुत उम्मीद है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वह नगीना के लोगों के दिलों में कैसे जगह बनाते हैं।

# वन दरोगा द्वारा दर्ज कराए गए मुक़दमे का एक आरोपी गिरफ्तार

## किसान नेता अपने साथी को बचाने के प्रयास में जुटे



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। वन दरोगा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के नामजद आरोपियों में से एक आरोपी को अफजलगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। इस प्रकरण के आरोपियों में शामिल एक किसान नेता के बचाव में क्षेत्रीय किसान नेता प्रयासरत हैं। गत गुरुवार को अमानगढ़ वन रेंज में तैनात वन दरोगा नरेश कुमार ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया था कि नियमित गश्त के दौरान मीरापुर चौराहे पर उन्होंने छोटे हाथी में लदी जलोनी लकड़ियों के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ लिया था, मौके पर पहुंचकर जिन्हें किसान नेता मदन सिंह राणा व कई अन्य किसान नेता जबरन छुड़ा ले गए थे। आरोप है कि मदन सिंह राणा व अन्य किसानों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए इस दौरान वनकर्मियों के साथ अभद्रता व मारपीट की और महिलाओं से बलात्कार के मुकदमे में फंसवाने की धमकी भी दी। तहरीर पर अफजलगढ़ पुलिस ने भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा निवासी ग्राम मुरलीवाला थाना अफजलगढ़ सहित थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम लालबाग निवासी लखवीर सिंह व ग्राम मालोनी निवासी शमशेर सिंह एवं कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर के मुताबिक अवैध रूप से लकड़ियां ला रहे आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत भी कार्यवाही की गई। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नामजद तीनों आरोपियों में से शमशेर सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम मालोनी थाना रेहड़ को शनिवार को 4 कुंतल जलोनी प्रकाष्ठ व एक वाहन (छोटा हाथी) के साथ गिरफ्तार कर माल बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 303(2) व 317(2) की बढ़ौतरी करते हुए शमशेर सिंह का चालान किया गया है, जबकि बाकी अग्रिम कार्यवाही जारी है। उधर इस प्रकरण में भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष मदन राणा के नामजद होने से भाकियू (टिकैत) के नेताओं ने उनके बचाव के प्रयास शुरू कर दिये हैं जिसके क्रम में दर्जनों क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने शनिवार की अपराह्न बादीगढ़ चौराहे पर वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ श्रीमती अंकिता किशोर से भी वार्ता की है।



# धूमधाम से मनाया गया अलीगढ़ कान्वेंट स्कूल का पुरस्कार वितरण

## बच्चों ने पेश किये शानदार कार्यक्रम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। स्थानीय बस स्टैंड रोड स्थित एमआईए अलीगढ़ कॉन्वेंट का पुरस्कार वितरण भव्यता के साथ धूमधाम से मनाया गया। सीरवासुचंद के प्रधानपति शकील अहमद की अध्यक्षता एवं स्कूल के प्रबंधक गय्यूर अली खान व शिक्षिका शाहीन जहां के संयुक्त संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिनमें मोबाइल के कुप्रभाव, शिक्षा के महत्व आदि टॉपिक पर शानदार प्रस्तुति कर बच्चों ने मन मोह लिया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं समेत अतिथियों शकील प्रधान, आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष एस.एम. असलम, ग्राम प्रधान नाबका मुस्तकीम मलिक, पत्रकार शेख मौ. युसूफ, ए.एच. साबरी, सिराजुद्दीन मलिक व शुऐब मंसूरी, स्कूल के पूर्व छात्र एड. शहराज सैफी व क्रिकेटर जीशान लियाकत, शायर इरशाद धामपुरी, हकीम हाफिज अय्यूब अहमद व मौ. इमरान आदि को स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। अपने-अपने संबोधन में वक्ताओं ने मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए स्कूल प्रबंधक गय्यूर अली खान व समस्त स्टाफ की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है बिजनौर/धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

डा. अंजनी कुमार ने अमिट छाप छोड़ी, तबादले से लोगों में निराशा की लहर दौड़ी ( पेज 2 )



# वन विभाग के पिंजरे में फंस गई मादा गुलदार, शावक मृत मिला

**नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम मुकर्रमपुर में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में मादा गुलदार फंस गयी। वहीं मुकर्रमपुर के पास ही नहर किनारे गुलदार का शावक मृत मिला, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

ग्राम मुकर्रमपुर से मण्डौरा विप जाने वाले नहर के रास्ते पर रविवार की शाम को मादा गुलदार का शावक मिलने की वन विभाग को सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शावक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि मृत गुलदार मादा शावक है। जिसकी अनुमानित उम्र तीन से चार माह है। मृत्यु के कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम के बाद ही हो पाएगी। इसके अलावा इंद्रपाल सिंह के खेत में वन विभाग द्वारा 15 मार्च को गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। रविवार को पिंजरे के निरीक्षण के दौरान उसमें गुलदार फंसा हुआ दिखाई दिया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह, शुभम मलिक, विपिन कुमार आदि ने पहुंचकर गुलदार को रेस्क्यू कर कर लिया और उसे वन क्षेत्र में छोड़ने की बात कही है। वन अधिकारियों ने बताया कि गुलदार मादा है और उसकी उम्र करीब 4 वर्ष है। वहीं ग्रामीणों का दावा है कि उक्त गुलदार ने 15 मार्च को ग्राम निवासी अरुण की पुत्री अदिति पर हमला कर दिया था और उसे खेत में खींच लिया था। गुलदार के हमले में अदिति की मौत हो गई थी, इसके उपरांत वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था।





DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## बाला जी के भजनों पर झूमें श्रद्धालु



नगीना में बालाजी महाराज के जागरण में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार व मौजूद महिला श्रद्धालु।



**नगीना ( चिंगारी )।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा आयोजित बालाजी महाराज के भव्य जागरण में बाहर से आए कलाकारों द्वारा रात भर बालाजी के भजनों का गुणगान किया गया। जागरण में सैकड़ों की संख्या में महिला–पुरुष श्रद्धालु स्वामनी व छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाकर पूरी रात भजनों पर झूमते रहे।

नगर के गांधी मूर्ति झंडा चौक के पास आयोजित श्रीबाला जी महाराज के विशाल भव्य जागरण का विधिवत शुभारंभ हेमेंद्र पाल सिंह ने श्रीराम सेवा समिति के संरक्षक डॉ. विनोद राठौर, प्रदीप अग्रवाल गुरु जी, संदीप राठौर, प्रदीप राठौर, प्रबोध कुमार एडवोकेट, नंदलाल, सतीश चौधरी, मनीराम, अनिल राणा, साहिल विश्नोई, प्रमोद टंडन, राहुल चौधरी आदि की मौजूदगी में बाला जी दरबार में ज्योत जलाकर किया गया। इससे पूर्व संकट मोचक यज्ञ का आयोजन पं. विजय भारत द्वारा सम्पन्न कराया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति दी।

## खंभे पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन करंट से झुलसा

**नहटौर ( चिंगारी )।** बिजली के खंभे पर जंफर जोड़ते समय संविदा लाइनमैन करंट से झुलस गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। रविवार की दोपहर को ग्राम बसावनपुर निवासी चेतन पुत्र राजेश 37 वर्ष, जो नहटौर विद्युत उपकेंद्र पर संविदाकर्मी लाइनमैन के रूप में कार्यरत है, कोतवाली रोड पर ब्लॉक कार्यालय के पास विद्युत पोल पर जम्पर जोड़ रहा था, इस दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिए साथी कर्मचारी तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिजनौर के लिए रैफर किया गया है।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ



| S.No | Model | Offer Type | Offer Amount (Rs) | Period |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom 160) | Cash discount | 3000 | 1st Apr to 30th Apr |
| 2 | HF Deluxe | Cash discount | 2100 | 1st Apr to 30th Apr |
| 3 | Super Splendor | Cash discount | 3000 | 1st Apr to 30th Apr |
| 4 | Xtreme 125R | Cash discount | 2500 | 1st Apr to 30th Apr |
| 5 | Glamour X | Cash discount | 2500 | 1st Apr to 30th Apr |
| 6 | Premium Segment | Cash discount | 5000 | 1st Apr to 30th Apr |
| 7 | Mavrick | Cash discount | 50000 | 1st Apr to 30th Apr |
| 8 | Karizma XMR | Cash discount | 25000 | 1st Apr to 30th Apr |
| 9 | Xtreme 160R (old) | Cash discount | 10000 | 1st Apr to 30th Apr |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# ईरान ने अमेरिका के सुपरपॉवर होने का भरम तोड़ दिया है!

**भली लगे या बुरी...**

## भारत में मानवाधिकार-1

हाल ही में जारी 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की वैश्विक रिपोर्ट में भारत में पिछले साल मानवाधिकारों की स्थिति को लेकर निराशा जताई गई है। वैश्विक मानवाधिकार संस्था ने भारत की इस बात के लिए आलोचना की कि सरकार ने विवादास्पद सशस्त्र बल कानून को समाप्त करने के प्रति सक्रियता नहीं दिखाई। साथ ही यह भी कहा कि हिरासत में मौत, दलित यातना और अनुरक्षित समुदायों को सुरक्षा देने वाली नीतियों को क्रियान्वित नहीं कर पाने के कारण पहले की तुलना में भारत का रिकार्ड खराब हुआ है। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की रिपोर्ट भारत सरकार के उस दावे को नकारती है, जहां वह मानवाधिकारों को संरक्षणकर्ता घोषित करते नहीं थकती। मानवाधिकारों के प्रति भारत की निष्ठा संविधान के विविध प्रावधानों में यूं तो स्पष्ट देखी जा सकती है, लेकिन यथार्थ के धरातल पर उन्हें निश्चित करना आसान नहीं है। आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति आधारित भेद तो व्याप्त हैं ही, इसके अलावा शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता से ग्रस्त लोग, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद के शिकार हुए लोग अपना अस्तित्व ढूंढ रहे हैं। भारत के अनेक मनोचिकित्सालय लंबे समय से अंधकारपूर्ण बंदीग्रह बने हुए हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा करने और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने, मानसिक रूप से विकलांग लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा और उनका पुनर्वास संभवतः सबसे चिंतनीय प्रसंगों में से एक है। कुछ वर्षों के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट सहित कई अन्य स्वतंत्र रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि भारत में विभिन्न मनोचिकित्सालयों में मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के साथ कई स्तरों पर अमानवीय व्यवहार हो रहा है। वैश्विक रिपोर्ट 'इक्वेलिटी एट वर्क टैकलिंग द चैलेंज' में इस बात का खुलासा है कि यद्यपि भारत में अन्य एशियाई देशों की तुलना में कार्यस्थलों पर भेदभाव कम होता है, लेकिन जातियों के आधार पर भेदभाव की समस्या अब भी गंभीर है। संयुक्त राष्ट्र के अध्ययन के मुताबिक देश के 11 राज्यों के 565 गांवों में कराये गए सर्वे से यह बात सामने आई है कि हर तीन दिन में औसतन एक दलित महिला के साथ दुष्कर्म होता है। ...जारी

---

**ओएसआईएनटी का 24 मार्च को एक विश्लेषण सामने आया है। इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम को यज़्द का ग्रेनाइट किला बताया गया है। ईरान ने अपना एटमी प्रोग्राम इमाम हुसैन बेस नाम के एक मल्टी लेवल बंकर में कई सुरक्षा से परतों से लैस कर रखा है। यह शिरकुह ग्रेनाइट से बना है। यह ग्रेनाइट ज़मीन के सबसे कठोर पत्थरों में से एक माना जाता है। इसकी संपीड़न शक्ति यानी कंप्रेसिव स्ट्रैंथ 25 से 40,000 पीएसआई मानी जाती है। इसे इस तरह समझ सकते हैं कि सादा कंक्रीट 5000 पीएसआई तो हायर पॉवर वाला 30,000 माना जाता है, लेकिन यज़्द ग्रेनाइट इससे दस हज़ार अधिक पीएसआई वाला है। अमेरिका का सबसे पॉवरफुल बंकर बस्टर बम जीबीयू.57 एमओपी इस तरह की चट्टान को केवल 6 से 10 मीटर तक ही भेद सकता है। जबकि यज़्द ग्रेनाइट की सिक्योर्टी परत 500 मीटर से अधिक मोटी अंडर ग्राउंड है। इस तरह आप इस बंकर को 440 मीटर डैड एरिया कह सकते हैं।**

---



**इक़बाल हिन्दुस्तानी**

दो-चार दिन में खत्म होने का दावा कर अमेरिका-इज़राइल द्वारा शुरू किया गया ईरान युद्ध एक महीने से अधिक होने के बावजूद चल रहा है। ऐसा लगता है कि ईरान ने आखिरी सैनिक और आखिरी गोली खत्म होने तक सीज़फ़ायर नहीं करने का दुस्साहसी फैसला कर रखा है। यानी हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे वाली कहावत लागू हो रही है। ट्रंप एक तो पहले ही स्थिर दिमाग वाले इंसान नहीं हैं। दूसरे उनमें घमंड और बड़बोलापन भरा हुआ है, जिसकी वजह से वे ईरान पर हमला करके फंस चुके हैं। अब उनको समझ नहीं आ रहा है कि जंग बीच में रोककर भागे तो दुनिया में अमेरिका की नाक कट जायेगी। अगर वे जंग जारी रखते हैं तो भी उनको जल्दी ही जीत मिलने की कोई संभावना नज़र नहीं आ रही है। ऐसे में वे कभी यह झूठा दावा करते हैं कि उनका ईरान पर हमले का मकसद पूरा हो गया है, जिसमें वे कहते हैं कि ईरान का परमाणु प्रोग्राम, मिसाइल भंडार और सैनिक क्षमता सब कुछ पूरी तरह नष्ट किया जा चुका है। लेकिन जब ईरान लगातार इजराइल और खाड़ी के देशों में अमेरिकी बेस पर और तेज़ हमले करता है तो उनके दावों की पोल खुल जाती है। इसके बाद ट्रंप बौखलाकर नया झूठ बोलते हैं कि ईरान से सीज़फ़ायर पर बात चल रही है।



लेकिन ईरान बिना देर किये किसी भी तरह की समझौता वार्ता का खंडन कर देता है। इसके बाद ट्रंप एक बार फिर बयान जारी करते हैं कि हमारी ईरान से मित्र देशों के ज़रिये गोपनीय समझौता वार्ता जारी है। तब ईरान ऐसी बातचीत शुरू करने के लिये कुछ नामुमकिन शर्तें रख देता है, जिनमें जंग में हुआ नुकसान अमेरिका से दिलाने ईरान को भविष्य में किसी तरह का हमला नहीं करने की गारंटी देने और परमाणु प्रोग्राम जारी रखने की आज़ादी देने सहित उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटाने की मांग शामिल होती है। इसके साथ ही वह होरमुज़ जलडमरू मध्य पर लगातार अपना कब्जा जारी रख वहां से गुज़रने वाले जहाज़ों से टोल वसूली कर अपना पिछले कई दशक हुआ नुकसान पूरा करने की छूट चाहता है।

ज़ाहिर बात है कि अमेरिका इन मांगों को पूरा नहीं करेगा, लेकिन सवाल फिर वही आ जाता है कि ईरान इस समय चित भी मेरी, पट भी मेरी वाला अमेरिका का ही खेल खेल रहा है और जिस अमेरिका का यह मनमानी का रिकॉर्ड रहा है, वह सांप, छछूंदर की हालत में फंस चुका है। अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नो किंग के बैनर तले 80 लाख लोग सड़क पर उतर आये हैं। इससे ट्रंप को आने वाले मिड टर्म चुनाव में हारने का डर भी सता रहा है। उधर नाटो अमेरिका का साथ नहीं दे रहा है। इसके साथ ही ईरान के हमलों से बचाने में नाकाम होने पर खाड़ी देश अमेरिका से बुरी तरह नाराज़ हो गये हैं। इसके साथ ही पूरी दुनिया में तेल संकट पैदा होने और दाम बढ़ते जाने से अमेरिका के मित्र देशों का दबाव भी ट्रंप पर हर हाल में जल्दी से जल्दी जंग रोकने का बढ़ता जा रहा है। जहां तक ईरान के एटमी प्रोग्राम को खत्म करने का ट्रंप के दावे का सवाल है। ओएसआईएनटी का 24 मार्च को एक विश्लेषण सामने आया है। इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम को यज़्द का ग्रेनाइट किला बताया गया है। ईरान ने अपना एटमी प्रोग्राम इमाम हुसैन बेस नाम के एक मल्टी लेवल बंकर में कई सुरक्षा से परतों से लैस कर रखा है। यह शिरकुह ग्रेनाइट से बना है। यह ग्रेनाइट ज़मीन के सबसे कठोर पत्थरों में से एक माना जाता है। इसकी संपीड़न शक्ति यानी कंप्रेसिव स्ट्रैंथ 25 से 40,000 पीएसआई मानी जाती है। इसे इस तरह समझ सकते हैं कि सादा कंक्रीट 5000 पीएसआई तो हायर पॉवर वाला 30,000 माना जाता है, लेकिन यज़्द ग्रेनाइट इससे दस हज़ार अधिक पीएसआई वाला है। अमेरिका का सबसे पॉवरफुल बंकर बस्टर बम जीबीयू.57 एमओपी इस तरह की चट्टान को केवल 6 से 10 मीटर तक ही भेद सकता है। जबकि यज़्द ग्रेनाइट की सिक्योर्टी परत 500 मीटर से अधिक मोटी अंडर ग्राउंड है। इस तरह आप इस बंकर को 440 मीटर डैड एरिया कह सकते हैं। इसके साथ ही ईरान ने मिसाइल मेट्रो यानी ऑटोमैटिक रेल सिस्टम पहाड़ के अंदर बना रखा है। यह सिस्टम असैंबली हॉल गोला बारूद डिपो और पर्वत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कम से कम दस निकास रास्तों को जोड़ती है।

इस सिस्टम से ईरान लांचर रेल पर पहले निकास द्वार की तरफ आता है, फिर सतह से ऊपर जाता है। मिसाइल दागता है। इसके फौरन बार वापस अंडर ग्राउंड हो जाता है। इसके साथ एंट्री गेट को बख्तरबंद एयरलॉक से सील कर दिया जाता है। यदि प्रवेश द्वार किसी हमले में क्षतिग्रस्त हो जाते हैं तो उनको अंदर से हाईपॉवर वाले कंक्रीट से तत्काल मरम्मत कर सील कर दिया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया दुश्मन के जवाबी हमले में लगने वाले समय से आधे से भी कम में पूरी हो जाती है। यही वजह है कि अमेरिका-इज़राइल हवाई हमलों से केवल उन गिने-चुने रॉकेट लांचरों को नष्ट कर पाये हैं, जो ज़मीन की सतह पर मौजूद थे। यह भी बताया जाता है कि तकनीक के मामले में चीन, रूस और उत्तरी कोरिया, ईरान की भरपूर सहायता कर रहे हैं, जिससे वह दुश्मन के ठिकानों को खोजने, निशाना लगाने और उसके आईरन डोम जैसे एंटी सैप्टर को चकमा देने में काफी सीमा तक सफल हो रहा है। ट्रंप ईरान की इस रणनीति से बौखलाकर कभी उसको परमाणु हमले की धमकी देते हैं, तो कभी उसके सबसे बड़े एनर्जी सेंटर खार्ग पर हमला कर कब्जा करने की बात करते हैं। ट्रंप अपनी सेना ईरान भेजने का इरादा भी जताते हैं, लेकिन वियतनाम, ईराक और अफगानिस्तान की कई दशक की नाकामी उनके कदम रोक देती है। कहने का मतलब यह है कि ट्रंप चारों तरफ से फंस चुके हैं। उनके अरबों मिलियन डॉलर के खर्च पर ईरान कुछ हज़ार की हल्की मिसाइल और ड्रोन हमले करके उनको खूब चिढ़ा रहा है। ईरान ने यह साबित कर दिया है कि अगर कोई देश कोई संगठन या कोई आदमी अपने सर पर कफन बांधकर अपने से कई गुना ताक़तवर से हिम्मत और बेहतर रणनीति के साथ हारने और नुकसान उठाने का जोखिम उठाकर भिड़ जाये तो उसकी सर्वशक्तिमान या अजेय होने की पोल ऐसे ही खुल जाती है जैसे आज अमेरिका और इजराइल की खुल रही है। ईरान जंग जब भी खत्म होगी दुनिया पहले से काफी बदल जायेगी। शायर ने कहा है- मुश्किल कोई आन पड़े तो घबराने से क्या होगा, जीने की तरकीब निकालो मर जाने से क्या होगा।

**( नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)**

# बिजनौर में अतीक और मुख़्तार जैसे माफ़िया पैदा करना चाहती है सपा

## उद्योगपति नहीं, माफ़िया प्रवृत्ति के लोग हैं खालिद-तालिब बंधु : भारतेन्द्र



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह ने तालिब-खालिद बंधु प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा माफियाओं को संरक्षण देकर जिले में अतीक अहमद व मुख्तार अंसारी जैसे लोग पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि तालिब-खालिद जैसे लोगों को उद्योगपति या कारोबारी बताना गलत है, क्योंकि उनका आपराधिक इतिहास कुछ और ही कहानी बयान करता है।

रविवार को पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद ने कहा कि विपक्षी दल खालिद, तालिब और आबिद को कारोबारी बताकर जनता में सहानुभूति पैदा करना चाहते हैं, जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। उनके अनुसार वर्ष 2005 से 2026 के बीच तालिब-खालिद बंधुओं पर जिले में कुल 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### सपा पर माफ़ियाओं को संरक्षण देने का आरोप

राजा भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता लगातार माफियाओं के समर्थन में खड़े नज़र आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार के समय भी माफियाओं को संरक्षण मिलता रहा, जबकि वर्तमान सरकार में ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब जनता सपा के इस चरित्र को समझ चुकी है।

### जांच में जाना मेरा अधिकार

पूर्व सांसद ने कहा कि वह इस मामले में शिकायतकर्ता हैं और अपने कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के बुलावे पर कहीं भी जा सकते हैं। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसमें कोई अनुचित बात नहीं है। भारतेन्द्र सिंह ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध लकड़ी कटान और जीएसटी चोरी होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता इन गंभीर मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### चौ. दिगम्बर पर भी साधा निशाना

**उन्होंने आरोप लगाया कि रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा था, जिस पर उनकी शिकायत के बाद प्रशासन ने रोक लगा दी है। उन्होंने नाम लिये बिना चौ. दिगम्बर सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि कार्रवाई होने पर उनके पेट में दर्द क्यों होने लगता है, यह समझ से परे है।**

### अधिकारियों की मिलीभगत से टूटी सील

आरामशीन मामले में पूछे गए सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकर्ताओं ने ड्रोन से फोटो और वीडियो बनाकर सील टूटने की सूचना दी थी। प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी मिलने के बाद ही वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि जो आदेश दिखाया गया वह दिसंबर का था, जबकि सील फरवरी में लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि बिना अधिकारियों की मिलीभगत के सील टूटना संभव नहीं है।

## पूर्व सांसद के समर्थन में आये भाजपा नेता

### बैठक कर घटना की निंदा की



धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा के आवास पर हुई बैठक, घटनाक्रम से मुख्यमंत्री को अवगत कराने का निर्णय

**बिजनौर ( चिंगारी )।** खालिद-तालिब प्रकरण में अनेक भाजपा नेता पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के समर्थन में खुलकर सामने आ गये हैं। जनपद के कई जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस संबंध में धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों व भजपा पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विधायक अशोक राणा, विधायक नहटौर ओम कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी, भजपा के जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, संजीव सेठ, ब्लॉक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान तथा ब्लॉक प्रमुख धामपुर हेमलता चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नेताओं ने घटना पर संयुक्त रूप से चर्चा करते हुए इसकी घोर निंदा की और कहा कि वे पूरे प्रकरण में पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र के साथ मजबूती से खड़े हैं। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक हैं। इन्हें किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि घटना की संपूर्ण जानकारी जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दी जाएगी, ताकि इस मामले में उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने एकजुटता दिखाते हुए न्याय की मांग की और आश्वासन दिया कि वे पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र के साथ हर कदम पर खड़े रहेंगे।

## चेयरपर्सन ने किया आर्य क्लीनिक का शुभारंभ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर्य क्लीनिक का बिजनौर पालिका चेयरपर्सन इंदिरा बीरबल सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने चिकित्सकों से आमजन को अच्छी और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं देने का आह्वान किया।

जजी के गेट नंबर 1 के सामने स्थित आर्य क्लीनिक में हवन कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य यजमान ऑर्थो सर्जन डॉ. शलभ अहलावत एवं आई सर्जन डा. प्रियंका मलिक रहीं। क्लीनिक का उद्घाटन चेयरपर्सन पालिका बिजनौर इंदिरा सिंह एवं उनके पति डॉ. बीरबल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आईएमए बिजनौर के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. सिंह सहित सभी चिकित्सकों ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर डॉ. शलभ अहलावत को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. क्षेत्रपाल सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह, तिलकराज सैनी, डॉ. कपिल चौधरी, डॉ. आशुतोष चौधरी, डॉ. रोहन सिंह, डॉ. प्रमोद देशवाल, यशपाल सिंह, विनीत कुमार, डॉ. सोनवीर सिंह, डॉ. दीपा सिंह, कुलवीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## सैनी समाज की उन्नति के लिए शिक्षा जरूरी : राजपाल सैनी



**गंज ( चिंगारी )।** सैनी धर्मशाला गंज में महाराजा भागीरथ स्मृति समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विचार रखते हुए राजपाल सैनी ने उत्तर प्रदेश अध्यक्ष लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी शिक्षा तथा एकता पर बल दिया। वहीं रामअवतार सैनी विधायक नूरपुर क्षेत्र ने कहा कि हम अपने समाज के महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही लक्ष्य प्राप्ति कर सकते हैं। हमें अपने लिए नहीं बल्कि अपनी कौम के लिए काम करना चाहिए। वहीं हरियाणा से आये राजकुमार सैनी सुप्रीमो लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति ही भगवान है, जिसमें पांच तत्व विद्यमान हैं। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह सैनी ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण सिंह सैनी जिला अध्यक्ष सैनी समाज बिजनौर ने की। कार्यक्रम में पत्रकार सुरेंद्र भटनागर, शशिभूषण शर्मा, राकेश कुमार को निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीतांबर सैनी, मुकेश सैनी, कृपाल सिंह सैनी, चन्दन सैनी, जगदीश प्रधान सिमली, अनिल प्रधान मोहम्मदपुर देवमल, कलीराम प्रधान सैनपुर, रमेश पूर्व प्रधान नारायणपुर, डॉ. शिवराज, मा. इंद्रपाल, मा. राजपाल सिंह बिजनौर, नारायणदास सैनी, गंगाराम सैनी, डॉ. वीरेंद्र सिंह धामपुर, मुकेश सैनी, राजेंद्र सिंह, राजेश सैनी, सुरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश शास्त्री, धर्मवीर सिंह सैनी, राजेंद्र सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में सैनी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### महाराजा भगीरथ स्मृति समारोह का आयोजन

# ...आंधियों में दीप जलाये रखना

## प्रेरणा गोष्ठी का आयोजन, नवोदित रचनाकारों को मिला वरिष्ठ कवियों का आशीर्वाद



**हरिद्वार (चिंगारी)।** दीपशिखा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच, हरिद्वार की काव्य गोष्ठी राजलोक विहार में सम्पन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. मीरा भारद्वाज ने की। संचालन डॉ. सुशील कुमार त्यागी अमित ने और सरस्वती वंदना वृंदा शर्मा ने की।

इस अवसर पर स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल से पधारे आचार्य मुकुंद देव ने त्वरित अनुष्टुप छंद में संस्कृत श्लोक रचकर दीपशिखा को शुभकामनाएं दी और कहा कि दीपशिखा निरंतर प्रगति की ओर उन्मुख रहे। नवोदित रचनाकारों की रचनाएं प्रशंसनीय थी। सोनाक्षी ने कहा सांसों में ही नहीं इरादों में तूफान बनाए रखना। ओजस्वी सनी ने कहा, मैं भारत का युवा हूं शब्दों की लौ जगाता हूं। कवयित्री आरती की रचना पिता को समर्पित रही- शब्दों से नहीं कर्म से है महान, यही है पिता की पहचान। आचार्य सुभाष जोशी की सुंदर रचना रही- प्रभात की बेला मनोहर सब का मन हर्षित कर जाती है। वृंदा शर्मा के मधुर गीतों ने सभी को आनंद- विभोर किया। हिन्दी-संस्कृत के विद्वान डॉ. विजय कुमार त्यागी ने संस्कृत गीत सुनाकर वाह-वाही लूटी।

हिन्दी सेवक डॉ. अशोक गिरि और वरिष्ठ कवि बृजेन्द्र हर्ष ने नवोदित रचनाकारों का मार्गदर्शन किया। चेतनापथ संपादक अरुण कुमार पाठक ने गीत के माध्यम से कहा-आंधियों में दीप जलाए रखना। डॉ. सुशील कुमार त्यागी ने सुनाया- रह रह रोता आज मुसाफिर गम को सहता है। डॉ. मीरा भारद्वाज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा- युग के तुम प्रहरी बन जाओ, सुन लो जग की करुण पुकार।

# पापियों के नाश को, श्री राम की सेना चली...



**धामपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव तिवारी मानक वाला में पवन कुमार के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली यह भजन सबको खूब पसंद आया। उसके बाद संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में हरिराज सिंह गहलौत, पवन कुमार, राजन कुमार, पूनम कुमारी, प्रतीक्षा देवी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, संदीप भारद्वाज, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा, विपिन चंद्र, सर्वेश गिरि आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# 9 मई को मनाई जायेगी महाराणा प्रताप की जयंती



बैठक में उपस्थित क्षत्रिय बन्धु।

## क्षत्रिय समाज की बैठक में लिया गया निर्णय

**धामपुर/जैतरा (चिंगारी)।** कुंज फार्म हाऊस में क्षत्रिय समाज के युवा नेता सौरभ ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित क्षत्रिय समाज की बैठक में क्षत्रिय समाज के संगठन- महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सर्वसम्मति से जयंती को भव्य एवं विशाल रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में करणी सेना के जिला अध्यक्ष शेखर लाडयान, बढ़ापुर भाजपा नेता एवं वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. भूपेंद्र चौहान, भाजपा के जिला पंचायत सदस्य सुभाष चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अल्हैपुर राजीव चौहान, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसौदिया, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष देवराज सिंह चौहान पश्चिमी प्रभारी करणी सेना अजीत राणा जी, कोषाध्यक्ष सौरभ देवड़ा, पवन वत्स, रिटायर्ड जज, सुग्रीव सिंह रिटायर्ड इंस्पेक्टर यश कुमार, डेविड चौहान, पिंटू चौहान (पृथ्वीराज कॉलेज), ओमप्रकाश चौहान (डायरेक्टर गन्ना समिति), महेश चौहान (रिटायर्ड दरोगा), महेश चौहान, शेर सिंह, मनोहर सिंह, टीकम सिंह (रिटायर्ड फौजी), किसान यूनियन भानु से बलराम सिंह, रोहतास सिंह, प्रेम कुमार, गौरव कुमार, सुनील कुमार, दिव्यांक प्रताप सिंह, सोहित कुमार, मुकुल प्रताप सिंह, रजत कुमार, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# पुलिस ने घर से फरार हुई युवती को साढ़े तीन महीने बाद शाहजहांपुर से बरामद किया

**धामपुर (चिंगारी)।** खारी कुआं से सब्जी लेने जाने को कहकर 24 जनवरी को घर से फरार हुई युवती को पुलिस ने उसका मोबाइल फोन ट्रेस करके साढ़े तीन महीने बाद शाहजहांपुर से बरामद कर लिया है। नगर के मोहल्ला बाड़वान निवासी एक विधवा महिला घर परिवार में चौका चूल्हा का काम करके अपनी तीन बेटियां व परिवार का पालन पोषण कर रही है। 24 जनवरी को उनकी एक पुत्री घर से यह कहकर निकली कि वह खारी कुआं पर सब्जी लेने जा रही है परंतु उसके बाद वह वापस नहीं लौटी, जिस पर महिला ने किसी अनहोनी की आशंका के चलते संपूर्ण समाधान दिवस में 7 फरवरी को बेटी की बरामदगी के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। परंतु युवती को बरामद करने का प्रयास नहीं किया। जिस पर विधवा महिला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, डीएम, पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पुलिस कार्यवाही का अनुरोध किया।

इसके बावजूद युवती का कोई पता नहीं चला बताया जाता है कि इसी बीच युवती का फोन अपने परिवार का हाल-चाल जानने के लिए मां के पास आया, परंतु उसने यह नहीं बताया कि वह कहां है, जिस पर परिजनों ने पुलिस को मोबाइल नंबर देकर युवती की लोकेशन पता लगाने का अनुरोध किया, जिस पर पुलिस ने मोबाइल नंबर को जब सर्विलांस पर लगाया तो उसकी लोकेशन शाहजहांपुर आई। जिस पर परिजन पुलिस को लेकर शाहजहांपुर पहुंचे और युवती को बरामद करके धामपुर ले आए। पुलिस का कहना है कि अदालत में युवती के बयान कराए जाएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्यवाही होगी।

# सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी

## अखलद अंसारी की शादी मुस्कान के संग अंजाम पाई



**धामपुर (चिंगारी)।** मरहूम मौलाना आबिद अंसारी गैस वालों के होनहार बेटे मौ. अखलद अंसारी की शादी मौ. रिजवान की पुत्री मुसकान अंसारी के साथ बड़ी सादगी के साथ हुई। शादी की सभी रस्म नहटौर स्थित नाज पैलेस में पूरी हुई। इस वेडिंग पाइंट में बनी मस्जिद में निकाह इलाही बक्श पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक मुफ्ती और इरफान कासमी ने पढ़ाया। इस मौके पर पालिका सभासद मुकेश कुमार राजकीय ठेकेदार बॉबी कुमार, नदीम शम्सी, मा. शाहिद हुसैन, हाफिज मौ. फारुक, हाजी मौ असलम, मौ सादिक, मौ इक़बाल, रियाजुल हसन, परवेज अख्तर, ठाकुर संजय सिंह समेत अनेक नामी गिरामी हस्तियों ने शिरकत कर दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया।

# आवारा कुत्तों का लगातार बढ़ रहा आतंक

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इनके काटने से एक दर्जन से अधिक बच्चे और महिला व पुरुष घायल हो गए हैं, जिनका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार आवारा कुत्तों ने नमन कुमार पुत्र मदन कुमार 15 वर्ष निवासी ग्राम मधी, कुमारी रिया चौहान पुत्री दौलत सिंह निवासी परमावाला (बीएससी की छात्रा) अहमद हसन पुत्र मोहम्मद नौशाद निवासी शेरकोट, नरेश गिरि पुत्र घसीटा गिरि निवासी मोहल्ला बाड़वान धामपुर, रमन कुमार पुत्र रोहित कुमार निवासी बुआपुर नत्थू, 11 वर्षीय आरजू पुत्री विनीत कुमार निवासी हकीमपुर नारायण सहित एक दर्जन से अधिक को काटकर घायल कर दिया है। यह कुत्ते गली-मोहल्ले में झुंड बनाकर घूमते हैं और पास से गुजर रहे बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को अचानक पीछे से जाकर काट लेते हैं।



आवारा कुत्तों के काटने से घायल हुए लोग।

# TET की अनिवार्यता के विरोध में महासंघ का गठन

## 13 अप्रैल को मशाल जुलूस निकालेंगे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिंचाई विभाग फील्ड हॉस्टल में अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता में टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में विभिन्न संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजेंद्र कुमार ने किया।

बैठक में प्रांतीय निर्देश पर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का जिला स्तरीय गठन से किया गया। इसमें अटेवा के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधाराज सिंह, टीएससीटी के जिला अध्यक्ष नवाब आलम, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रामौतार सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजेंद्र कुमार और उर्दू बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मु. रिजवान को जिला संयोजक बनाया गया। वहीं अटेवा के जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री ज्योति प्रकाश गहलोत, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी अज़हर जमाल, टीएससीटी के जिला प्रवक्ता नीरज कुमार वर्मा तथा जूनियर हाईस्कूल के जिला उपाध्यक्ष आदेश पाल को जिला सहसंयोजक मनोनीत किया गया। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री नौबहार सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरशद जमाली को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने 13 अप्रैल को टीईटी के विरोध में प्रस्तावित मशाल जुलूस को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की।

# श्रद्धापूर्वक मनाई बाबू जगजीवन राम की जयंती

**बिजनौर/स्योहारा ( चिंगारी )।** स्योहारा नगर में बाबू जगजीवन राम की जयंती समता दिवस के रूप में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर किया। इस अवसर पर अहसन जमील ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपने जीवन में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने समाज में समानता और अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया, जिसके कारण उन्हें आज भी समता के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बुढ़नपुर ब्लॉक अध्यक्ष हरिसिंह सागर ने भी अपने विचार रखते हुए समता और सामाजिक न्याय के संदेश को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस मौके पर नगर के कई गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




स्योहारा




नगीना

**नगीना ( चिंगारी )।** डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष इंडियन यूथ आर्मी रवि मालवा, प्रांतीय पार्षद उ.प्र भाजपा रोहित कुमार रवि, अध्यक्ष अंबेडकर स्मारक समिति सुगमचंद प्रधान,बाबू चंद्रपाल सिंह, विक्रम बौद्ध, विश्वास राव, सभासद सोहन सैनी, सभासद डॉ.भूपेश चौहान, शैलेंद्र राव, एड.पवन सिंह, प्रभान सिंह चौधरी, आलोक प्रधान, डेविड प्रधान, मनोहर सिंह, छोटे लाल, मनोहर सिंह,सुमित पाल एवं स्थानीय लोगों ने पुष्पांजलि कर अपने विचार रखे।

# लूट का खुलासा करने पर व्यापारियों ने सीओ सहित 12 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

## 15 दिन पहले सर्राफा व्यापारी के साथ हुई थी लूट



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** 15 दिन पूर्व कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक सर्राफा व्यापारी के यहां हुई लूट का शीघ्र खुलासा करने पर उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि ने पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित 12 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। थाना प्रांगण में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह ने कहा कि पुलिस ने गत दोनों औरंगज़ेबपुर महमूद उर्फ मंगोलपुरा निवासी हाजी अमीनुद्दीन अंसारी, जो कोतवाली देहात में सराफे की दुकान करते हैं वह दुकान बंद कर शाम के समय अपने गांव जा रहे थे कि रास्ते में मिलक कददूश के पास उनसे 5000 रूपए की नकदी व दुकान की चाबी अन्य जरूरी कागज लूट व दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लूट लिए थे। पुलिस टीम ने सर्विसलांस की मदद से क्षेत्र में लगे 150 सीसीटीवी खगालने के बाद घटना का खुलासा कर दिया गया था, जिसमें सर्राफा व्यापारी के एक रिश्तेदार का नाम भी प्रकाश में आया। पुलिस ने जब गहन पूछताछ की तो अन्य लुटेरे पकड़ में आ गये थे। घटना का शीघ्र व सही खुलासा करने के पर क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी एवं पूर्व थाना अध्यक्ष प्रवेज कुमार तथा वर्तमान थाना अध्यक्ष विकास कुमार, कस्बा इंचार्ज अनिल राणा सहित पुलिसकर्मियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। पुलिस और व्यापारियों में एक परस्पर तालमेल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को भी चाहिए वह किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से किसी प्रकार का कोई सामान न खरीदे। चोर कहीं न कहीं चोरी करके सस्ते दामों पर बेचता है। बाजार में एक-दो ऐसे लालची लोग होते हैं कि वह ऐसे सामान को सस्ते दामों पर खरीद लेते हैं, वह अन्य व्यापारी को भी बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों की सूचना तुरंत थाने को देनी चाहिए। इस मौके पर आजम जैदी, अंकित प्रजापति, मुकेश त्यागी, भूरे ठेकेदार व लईक कुरैशी, सतपाल सिंह, बबलू कुरैशी, हाजी अमीनूदीन असारी, शाहिद असारी, संजीव वर्मा, बरकत अली, मेराजुद्दीन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में पकड़े गये दो हिस्ट्रीशीटर बदमाश

## एक के पैर में लगी गोली

**नगीना ( चिंगारी )। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से नगीना निवासी बदमाश वाहिद उर्फ टल्ली घायल हो गया।**

पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश संरक्षित पशु के कटान करने की फिराक में हैं। बताया गया कि पुलिस तुखमापुर के जंगल में पहुंची तो सामने से एक कार व बाइक आती दिखाई दी। आरोप है कि पुलिस ने बाइक रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार भागने लगा। बताया गया कि इसी दौरान बाइक के फिसलने से कार भी अनियंत्रित हो गई तथा बाइक सवार के पैर पर चढ़ गई, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि इसी दौरान कार चालक ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी तथा भागने लगा। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में गोली कार चालक के बाएं पैर में लग गई। पुलिस ने दोनों घायलों को नगीना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी पहचान नगर के मोहल्ला कलालान निवासी वाहिद उर्फ टल्ली व अल्ताफ के रुप में हुई है। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर, पशु वध के उपकरण, कार, दो कट्टों में करीब 55 किलो संरक्षित पशु का मास व अवशेष बरामद किया है। सीओ ने बताया कि दोनों बदमाशों पर विभिन्न स्थानों में दो-दो दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

# एक न झुकने वाली आवाज़ थे बाबू सिंह चौहान

## झुकती क़लम के दौर में...

जब पत्रकारिता अपने मूल धर्म से भटकने लगे, जब सच सत्ता के दरबार में अनुमति लेने लगे और जब क़लम जनहित के बजाय स्वार्थ का औज़ार बन जाए, तब इतिहास कुछ ऐसे नाम हमारे सामने खड़ा कर देता है, जो केवल याद नहीं आते, बल्कि हमें कटघरे में खड़ा कर देते हैं। स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान ऐसा ही एक नाम है।

सन् 1928 में बिजनौर जनपद की धरती पर जन्मे एक साधारण कृषक परिवार के इस पुत्र ने असाधारण जीवन जिया। उनके पिता स्व. बरकत सिंह, जो स्वयं एक शिक्षक थे, से उन्हें शिक्षा ही नहीं, बल्कि विचार और साहस की विरासत मिली। यही कारण था कि 1943 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौर में, जब अधिकांश लोग भय के साए में थे, तब बाबू सिंह चौहान ने जेल की यातनाएं सहते हुए भी स्वतंत्रता संग्राम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

स्वतंत्रता के बाद भी उनका संघर्ष समाप्त नहीं हुआ, बल्कि वहीं से एक नये संघर्ष की शुरुआत हुई। उन्होंने सत्ता के साथ खड़े होने के बजाय समाज के साथ खड़े होने का निर्णय लिया। समाजवादी विचारधारा से जुड़ते हुए उन्होंने जनआंदोलनों को अपनी ताकत बनाया और जेल यात्राओं को अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण।

यह वह दौर था, जब 'आंदोलन' शब्द से ही लोग दूरी बनाते थे, लेकिन कोटकादर के निवासी और श्रमिक-किसान आंदोलनों के अग्रदूत चौधरी चंदन सिंह के साथ मिलकर बाबू सिंह चौहान ने धामपुर शुगर मिल में किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई छेड़ी। यह केवल एक संघर्ष नहीं था, यह उस व्यवस्था



के खिलाफ चुनौती थी, जो गरीब को हमेशा दबा हुआ देखना चाहती थी। उन्होंने यह स्थापित किया कि परिवर्तन केवल सत्ता की कृपा से नहीं, बल्कि संघर्ष की आग से जन्म लेता है।

पत्रकारिता में उनका प्रवेश भी किसी करियर की शुरुआत नहीं, बल्कि एक मिशन का विस्तार था। माझी, अनुशीलन, अणुव्रत, नवरंग जैसी पत्र-पत्रिकाओं से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रथम हिंदी दैनिक 'बिजनौर टाइम्स' (14 नवंबर 1963) और 'चिंगारी' (25 अक्टूबर 1985) तक उनकी यात्रा एक आंदोलन की यात्रा थी।

उनकी पत्रकारिता केवल अखबारों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अन्याय, अत्याचार और बिजनौर के समग्र विकास में बाधा बनने वाली हर शक्ति के विरुद्ध एक सशक्त जनअभियान बन गई थी।

उन्होंने पत्रकारिता को सत्ता के गलियारों में बैठकर लिखने का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि सड़कों, खेतों और मजदूरों की आवाज को शब्द देने का माध्यम बनाया। उनकी क़लम ने बार-बार यह सिद्ध किया कि पत्रकार का धर्म तटस्थ रहना नहीं, बल्कि 'सत्य के पक्ष में खड़ा होना' है।

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर जयप्रकाश नारायण आंदोलन तक उनकी सक्रिय भागीदारी और जेल यात्राएं इस बात की गवाही देती हैं कि वे केवल विचारक नहीं, बल्कि कर्मयोगी थे। यही कारण है कि उनकी लेखनी में केवल शब्द नहीं, बल्कि संघर्ष की तपिश महसूस होती थी।

उनकी दृष्टि केवल स्थानीय नहीं थी। विश्व शांति, अंतरराष्ट्रीय सद्भाव और मानवीय एकता के लिए उन्होंने सोवियत संघ, चेकोस्लोवाकिया, बुल्गारिया, वियतनाम जैसे देशों में आयोजित सम्मेलनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। एक छोटे जनपद से उठकर वैश्विक मंच तक पहुंचने वाला यह व्यक्तित्व बताता है कि सोच बड़ी हो तो सीमाएं मायने नहीं रखतीं।

लेकिन आज सवाल यह है

जब पत्रकारिता का एक बड़ा वर्ग सत्ता के करीब रहने में गौरव महसूस करता है,

जब ख़बरें बिकने लगी हैं और सच दबने लगा है,

जब गरीब की पीड़ा 'महत्वहीन' ख़बर मान ली जाती है-

तब याद आते हैं बाबू सिंह चौहान जिन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा?

उनकी विरासत आज भी जीवित है-उनके विचारों में, उनके द्वारा तैयार की गई पीढ़ी में, और 'बिजनौर टाइम्स' व सांध्य दैनिक 'चिंगारी' के माध्यम से जारी उस संघर्ष में, जो आज भी व्यवस्था को आईना दिखाने का साहस रखता है। जिसका संचालन चंद्रमणि रघुवंशी जी और सूर्यमणि रघुवंशी जी सफलतापूर्वक कर रहे हैं

6 अप्रैल 1999 को उनका भौतिक अस्तित्व समाप्त हुआ, लेकिन उनकी क़लम आज भी एक सवाल बनकर जिंदा है—

क्या हम सच के साथ खड़े होने का साहस रखते हैं,

या हमने भी अपने समय की सुविधाओं के आगे अपनी आत्मा को समझौते में बदल दिया है?



यह लेख केवल एक आंदोलनकारी, एक विचारक, एक चिंतक को श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक आईना है।

और यह निर्णय हमें करना है कि हम इतिहास में किस रूप में याद किए जाएंगे-

झुकती हुई क़लम बिके, डरे-सहमे हुए आंदोलनकारी के रूप में या बाबू सिंह चौहान जैसी निडर आवाज के रूप में।

**-दिगंबर सिंह**

## युग पुरूष बाबू सिंह चौहान साहब को शत-शत नमन

### ..कभी न देखा पीछे मुड़कर

भारतवर्ष विश्व में प्यारा, जिसकी अद्भुत शान निराली।  
प्रेमभाव से सारे ही रहते, मिलजुल ईद मनाते दिवाली।।  
इसी धरा पर महावतपुर है, बिजनौर का वो गांव निराला।  
बाबूसिंह चौहान जन्म से, फैला चारों ओर उजाला।।  
आगे चलकर यही वो बालक, जनपद की शान बन गया।  
आते रहेंगे याद हमेशा ही, वो देश की पहचान बन गया।।  
हिन्दू-मुस्लिम, सिख-ईसाई, सभी धर्म थे उनको प्यारे।  
ईद, दिवाली, होली पर्व अब उन बिन लगते फीके सारे।।  
कठिन राहों से गुजरे फिर भी, बुरे समय से हार न मानी।  
आन-बान और शान की खातिर, पत्नी बिमला ने दी कुर्बानी।।  
धैर्य कभी न खोया आपने, फटे कलेजा जिसको सुनकर।  
दोस्त, मित्र सब अलग-थलग थे, कभी न देखा पीछे मुड़कर।।  
समाज हित उस योगी पुरूष ने साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ाया।  
देश प्रेम मानवता से बढ़कर, कोई धर्म नहीं यही सिखाया।।  
ऐसा वह भारत का गौरव, चुनौतियों से भय जिसने नहीं खाया।  
अलविदा छः अप्रैल को कहकर, मृत्यु को हंसकर गले लगाया।।  
श्रद्धेय बाबू सिंह चौहान यद्यपि, आज हमारे बीच नहीं हैं।  
किन्तु विमल पताका उनकी है, जगह कौन सी जहां नहीं है।।  
रोप गये थे जिन पौधों को, बाबू सिंह चौहान हाथ से।  
वे पौधे फल-फूल रहे, दिन-प्रतिदिन निःस्वार्थ भाव से।।  
चन्द्र और सूर्यमणि दोनों भाई, बिजनौर, चिंगारी को खूब संवारे।  
दोनों धरोहर चौहान साहब की, मेहनत करके रूप निखारे।।  
हे युग पुरुष, मसीहा चौहान साहब, हो गये अमर तुम साहित्यकार।  
अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर पहचान बना गये हैं, कोटि-कोटि तुम्हें नमस्कार।।



प्रस्तुतकर्ता - रघुवीर सिंह बेधड़क  
महेश्वरी मण्डावर  
बिजनौर।

## अज़ीम पत्रकार व साहित्यकार मरहूम बाबू सिंह चौहान जी को ख़िराजे अक़ीदत

### याद बहुत तुम आओगे..

बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आओगे  
दुनिया से तो चले गये हो दिल से कैसे जाओगे  
बरसों बीते तुमको बिछड़े अब भी ऐसा लगता है  
रोज़ तुम्हारी यादों का इस दिल में मेला लगता है  
कलियों, फूलों में महकोगे गुन्चों में मुस्काओगे  
बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आओगे  
दुनिया से तो चले गये हो दिल से कैसे जाओगे  
सदियों में पैदा होते हैं ऐसे लोग ज़माने में  
जो अच्छा किरदार निभाएं दुनिया के अफ़साने में  
जब भी पुकारेंगे तुमको तुम चुपके से आजाओगे  
बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आओगे  
दुनिया से तो चले गये हो दिल से कैसे जाओगे  
चांद सितारों में फूलों में तुम ही दिखाई देते हो  
दुनिया की सब आवाजों में तुम ही सुनाई देते हो  
आंखें रस्ता देख रही हैं बोलों कब तक आओगे  
बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आओगे  
दुनिया से तो चले गये हो दिल से कब जाओगे  
अपने क़लम से सच लिखते थे तुम अपने अख़बारों में  
आता है अब नाम तुम्हारा हक़ के पहरेदारों में  
जब तक सूरज चांद रहेगा, तुम भी नाम कमाओगे  
बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आओगे  
दुनिया से तो चले गये दिल से कैसे जाओगे।  
आज तुम्हारे दोनों बेटे सच की राह पर चलते हैं  
लिखते हैं तो अपने क़लम से ऐसी आग उगलते हैं  
सुवर्ग से तुम भी देखोगे तो दोनों पर इतराओगे  
बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आओगे  
दुनिया से तो चले गये हो दिल से कैसे जाओगे  
यूं ही किसी को इस दुनिया में कोई याद नहीं करता  
यूं ही किसी की यादों को दिल में आबाद नहीं करता  
कब सोचा था इतनी जल्दी तुम रूखसत हो जाओगे  
बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आओगे  
दुनिया से तो चले गये हो दिल से कैसे जाओगे  
गर्मी की छांव, सर्दी की धूप में अब भी जिन्दा हो  
चन्द्रमणि के सूर्यमणि के रूप में अब जिन्दा हो  
इन फूलों में खुशबू बनकर दुनिया को महकाओगे  
बाबू सिंह चौहान हमेशा याद बहुत तुम आयोगे  
दुनिया से तो चले गये हो दिल से कैसे जाओगे



-शनावर किरतपुरी  
मो. 9917444800

# सत्यनिष्ठ पत्रकारिता के अडिग स्तंभ बाबू सिंह चौहान

**-- डॉ. पंकज भारद्वाज**



बिजनौर जनपद की पत्रकारिता के इतिहास में यदि किसी व्यक्तित्व को निर्भीकता, निष्पक्षता और उसूलों की दृढ़ता के साथ स्मरण किया जाए तो बाबू सिंह चौहान का नाम अग्रणी रूप से लिया जाएगा। वे केवल एक वरिष्ठ पत्रकार और संपादक ही नहीं थे, बल्कि जनपद की जनभावनाओं के सशक्त प्रतिनिधि और जनसरोकारों के सजग प्रहरी थे। उनकी लेखनी में जहां स्पष्टता थी, वहीं उनके व्यक्तित्व में अद्भुत आत्मविश्वास और सत्य के प्रति अडिग निष्ठा दिखाई देती थी।

बिजनौर की पावन धरती पर जन्मे बाबू सिंह चौहान ने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि एक सामाजिक दायित्व के रूप में जिया। उन्होंने अपने संपादन के माध्यम से समाचारों को मात्र प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि उन्हें दृष्टि और दिशा भी प्रदान की। उनके लिए पत्रकारिता का अर्थ था सत्ता से प्रश्न करना और समाज के पक्ष में खड़े रहना।

मुझे आज भी वह दिन सजीव रूप से स्मरण है, जब मैं उनसे मिलने बिजनौर टाइम्स के कार्यालय पहुंचा था। कार्यालय का वातावरण अत्यंत शांत, अनुशासित और एकाग्रता से परिपूर्ण था मानो शब्दों की साधना का कोई गंभीर स्थल हो। कर्मचारी ने मुझे प्रतीक्षा करने को कहा। कुछ क्षणों बाद केबिन से बुलावा आया।

मैंने भीतर प्रवेश कर उन्हें प्रणाम किया और अपना परिचय दिया। उन्होंने स्नेहिल आश्चर्य के साथ पूछा तुम पंकज भारद्वाज हो? मैं तो समझता था तुम बड़ी उम्र के होंगे, मगर तुम तो अभी बच्चे हो! जब उन्होंने मेरी किशोर अवस्था मात्र 16 वर्ष को जाना, तो वे स्पष्टतः चकित हुए। बोले इतनी कम उम्र में तुम इतना लिखते हो? वाह! तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने मुस्कराते हुए आगे कहा मैं तुम्हारे आर्टिकल पढ़ता हूं। बहुत अच्छा लिखते हो। खूब मेहनत करो, तुम्हारी लेखनी में दम है। पढ़ो भी और लिखो भी। हमारे दोनों अख़बारों में तुम्हारे लिए हमेशा स्थान रहेगा।



उनकी यह सहजता और प्रोत्साहन उस मुलाकात को विशेष बना गए। उन्होंने मेरे लिए स्नेहपूर्वक चाय मंगाई तो मेरे संकोचवश मना करने पर बोले- पी लो बेटा, धामपुर से आए हो। उनके व्यवहार में औपचारिकता से अधिक आत्मीयता का भाव था।

इसके उपरांत जब भी वे धामपुर आते, श्रीवत्स सनाढ्य जी के माध्यम से बुलवाते और सहज जिज्ञासा के साथ पूछते आजकल क्या लिख रहे हो, पंकज? यह संवाद एक आत्मीय संबंध का संकेत था, जिसमें स्नेह और उत्साहवर्धन की निरंतरता बनी रही। धामपुर के स्टेशन तिराहे पर स्थित 'भारद्वाज भोजनालय' तथा समीप का 'अग्रवाल भोजनालय' उनकी उपस्थिति के साक्षी रहे हैं, जहां वे अक्सर बैठकर संवाद करते थे। धामपुर से उनका विशेष लगाव था और धामपुरवासियों के हृदय में उनके प्रति गहरा सम्मान।

बाबू सिंह चौहान की सबसे बड़ी विशेषता उनके अडिग उसूल थे। वे किसी भी प्रकार के दबाव के आगे झुकने वाले नहीं थे। अनेक अवसर आए जब कुछ समाचारों को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा उन्हें प्रभावित करने का प्रयास किया गया, किंतु उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनके लिए पत्रकारिता का मूल धर्म था निष्पक्षता, निर्भीकता और जनपक्षीयता।

आज जब पत्रकारिता का स्वरूप निरंतर परिवर्तनशील है, तब बाबू सिंह चौहान जैसे व्यक्तित्व और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। उनका जीवन और कार्य यह संदेश देता है कि सच्ची पत्रकारिता वही है, जो समाज के हित में निष्कपट भाव से समर्पित हो। बिजनौर की पत्रकारिता में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। वे इस जनपद के लिए एक सुदृढ़ आधार-स्तंभ के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे।

**उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।**

# बाबू सिंह चौहान : एक प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व

आदरणीय बाबू सिंह चौहान जी का स्मृति समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक महान व्यक्तित्व को नमन करने का अवसर है, जिन्होंने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया था। मेरे जीवन का यह एक सौभाग्यपूर्ण अध्याय रहा कि स्वर्गीय पं. सोमदत्त शर्मा (हल्दौर वाले), जो बिजनौर टाइम्स कार्यालय में एकाउंटेंट के रूप में कार्यरत थे, के माध्यम से सन् 1980 के आसपास लगभग 3-4 वर्षों तक मुझे बाबूजी के सान्निध्य में रहने का अवसर मिला। पत्रकारिता के प्रति मेरे गहरे रुझान के कारण मैं मध्य गंगा बैराज कार्यालय से समय निकालकर बाबूजी के संरक्षण में रहता था और उनसे बहुत कुछ सीखने का प्रयास करता था। बाबूजी के व्यक्तित्व को शब्दों में बांधना अत्यंत कठिन है। वे वास्तव में उस दुर्लभ इंसान के प्रतीक थे, जिसके बारे में प्रसिद्ध शायर शेख़ सादी ने कहा है-



शेख़ जी, शायद फरिश्ता हो तो हो  
आदमी होना बड़ा दुश्वार है।

वास्तव में पत्रकारिता बाबूजी की जीवनधारा थी। उन्होंने इंसानियत को ही अपना धर्म मानकर जीवनभर उसकी साधना की। जिस सच्चे और आदर्श इंसान की खोज में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपना सम्पूर्ण जीवन के 70 वर्ष लगा दिये, वहीं आदर्श और सच्चा इंसान बाबू सिंह चौहान जी के व्यक्तित्व में जीवंत दिखाई देता था। मैंने उन्हें निकट से देखा है, इसलिए यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वे चौहान वंश के आदर्श महाराणा प्रताप की तरह संघर्षशील, स्वाभिमानी और अडिग व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अभावों (मुफलिसी) में जीवन व्यतीत किया, परंतु कभी हिम्मत नहीं हारी।

उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि-

**नाविक की कार्यकुशलता क्या,**  
**यदि धाराएं प्रतिकूल न हों।**

पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने अपनी सादगी, निष्ठा और कर्मठता से ऐसे उच्च मानदंड स्थापित किए कि उस समय के अनेक धनाढ्य और प्रभावशाली लोग भी उनके सामने पीछे रह गए। उनकी लोकप्रियता और सम्मान आज भी उनके व्यक्तित्व की महानता का प्रमाण है। अंततः मैं यही कहना चाहूंगा कि बाबू सिंह चौहान जी केवल एक पत्रकार नहीं थे, बल्कि एक आदर्श, एक विचारधारा और एक जीवंत प्रेरणा थे, जो सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहेंगे।

**-सोमेश्वरदत्त शर्मा, हल्दौर**  
**मो. 9837956622**

## हम सबके अभिमान

नमन कोटि-कोटि तुम्हें,  
श्रद्धेय श्री चौहान  
निर्भीक, निडर, विद्वान थे,  
हम सबके अभिमान  
हम सबके अभिमान,  
डरे न कभी किसी से,  
मजलूमों की लड़ी लड़ाई,  
पायी प्रसिद्धि इसी से,  
चापलूसी न प्रशासन की,  
लड़े सदा हित अपना  
श्रद्धासुमन अर्पित बाबूजी,  
चरणों में कोटि नमन

-डॉ. योगेन्द्र प्रसाद  
चंदक

# प्रीमेच्योर डेथ का बड़ा कारण अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड

## नेचुरल फूड ही है सही खाना



**आजकल अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स हमारे रोजमर्रा के खानपान का बड़ा हिस्सा बनते जा रहे हैं। आसानी से उपलब्ध, आकर्षक पैकेजिंग और लाजवाब स्वाद के चलते ये फूड्स बच्चों से लेकर बड़ों तक की पसंद बन चुके हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये फूड्स हमारी सेहत के लिए एक स्लो पॉइजन हैं, जो धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हैं।**

हाल ही में अमेरिकन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में बताया गया है कि जो लोग ज्यादा मात्रा में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाते हैं, उनके समय से पहले मौत (प्रीमेच्योर डेथ) का खतरा काफी बढ़ जाता है। स्टडी के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति अपनी डाइट में सिर्फ 10 प्रतिशत अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड बढ़ा देता है तो 75 साल से पहले उसकी मृत्यु का रिस्क लगभग 3 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कुछ देशों में तो हालात इतने गंभीर हैं कि हर 7 में से एक प्रीमेच्योर डेथ के पीछे यही कारण होता है। अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में हर साल लाखों लोगों की मौतें सीधे तौर पर इन फूड्स से जुड़ी बीमारियों की वजह से हो रही हैं।

**हालांकि थोड़ी सी जागरूकता और खानपान की समझ से इस खतरनाक लत से बचा जा सकता है।**

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड क्या है?

**अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड वे खाद्य पदार्थ होते हैं, जो इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग से तैयार किए जाते हैं। इनमें प्रिजर्वेटिव, इमल्सीफायर, आर्टिफिशियल फ्लेवर, कलर, एडेड शुगर, सेचुरेटेड फैट और नमक जैसी कई चीजें मिलाई जाती हैं। इनका उद्देश्य फूड को लंबे समय तक खराब होने से बचाना और उसे स्वाद व दिखने में अधिक आकर्षक बनाना होता है। आसान भाषा में कहें तो ये रेडी-टू-ईट फूड्स होते हैं, जिन्हें बार-बार गर्म करने या पकाने की जरूरत नहीं होती है।**

**इनमें फ्रोजन फूड्स, शुगरी ड्रिंक्स, प्रोसेस्ड मीट, इंस्टेंट नूडल्स, पिज्जा, बर्गर, मोमोज, फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, नमकीन, कुकीज, केक और मफिन जैसे प्रोडक्ट्स शामिल होते हैं, जो दिखने और खाने में तो लाजवाब होते हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक हैं।**

### प्रोसेस्ड और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड में अंतर

प्रोसेस्ड फूड्स में खाद्य पदार्थ की मूल संरचना और न्यूट्रिशन काफी हद तक सुरक्षित रहते हैं। इनमें आमतौर पर सफाई, कटाई, उबालना, फ्रीज करना या सीमित मात्रा में एडिटिव्स का इस्तेमाल होता है। वहीं अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में मेकैनिकल प्रोसेसिंग की जाती है और इनमें आर्टिफिशियल इंग्रेडिएंट्स मिलाए जाते हैं, जिससे इनके न्यूट्रिएंट्स काफी हद तक प्रभावित हो जाते हैं। नीचे दिए ग्राफिक में दोनों के बीच अंतर को समझिए-

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में कैलोरी की मात्रा होती है ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में नेचुरल कंटेंट की मात्रा बहुत कम और आर्टिफिशियल इंग्रेडिएंट्स की मिलावट ज्यादा होती है। यही कारण है कि इन फूड्स में कैलोरी की मात्रा काफी ज्यादा हो जाती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक, एक स्वस्थ व्यक्ति को रोजाना लगभग 2,000 से 3,000 कैलोरी की जरूरत होती है। यह मात्रा व्यक्ति की उम्र, लिंग, फिजिकल एक्टिविटी और अन्य कारकों पर निर्भर करती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सिर्फ एक पीस प्रोसेस्ड फूड ही व्यक्ति की जरूरत का बड़ा हिस्सा पूरा कर सकता है।

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड सेहत के लिए खतरनाक

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स ज्यादा खाने से मोटापा, हार्ट डिजीज, फैटी लिवर और डायबिटीज जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स के ज्यादा सेवन से हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। वहीं अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की भी एक रिपोर्ट बताती है कि हर दिन अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाने से कार्डियोवस्कुलर डिजीज का रिस्क 5 प्रतिशत बढ़ जाता है।

### अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स से बचने के तरीके

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन बढ़ता जा रहा है। लेकिन थोड़ी सी समझदारी और प्लानिंग से हम इनसे बच सकते हैं और अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं। इसके लिए कुछ आसान लेकिन जरूरी आदतें अपनाएं।

जैसेकि-

- अपनी डाइट में ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और घर में पका ताजा खाना शामिल करें। रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड्स की बजाय घर की बनी सादी, संतुलित और पोषणयुक्त चीजें खाएं।
- रेडी-टू-ईट, इंस्टेंट नूडल्स, माइक्रोवेव मील्स और प्रोसेस्ड मीट जैसे शॉर्टकट विकल्पों से दूर रहें। कोई भी पैकेज्ड या प्रोसेस्ड फूड खरीदने से पहले उसका लेबल जरूर पढ़ें। अगर इंग्रेडिएंट्स की लिस्ट में ज्यादा मात्रा में शुगर, नमक, ट्रांस फैट, आर्टिफिशियल कलर और फ्लेवर हो तो उसे न खरीदें।
- लंबे समय तक भूखे रहने से व्यक्ति जल्दी से भूख मिटाने के लिए प्रोसेस्ड फूड्स की ओर आकर्षित होता है। इसलिए नियमित एक समय पर भोजन करें।
- जब भूख लगे तो बिस्किट या चिप्स की जगह मखाने, फल, ड्राई फ्रूट्स या मूंगफली जैसे हेल्दी स्नैक्स साथ रखें।
- कोल्ड ड्रिंक्स, एनर्जी ड्रिंक्स, पैकेज्ड जूस, कुकीज, केक, नमकीन जैसे आइटम्स में हिडन शुगर और ट्रांस फैट्स की मात्रा काफी होती है। इनसे पूरी तरह दूरी बनाएं।
- धीरे-धीरे शुरुआत करें। हफ्ते में एक दिन बाहर का खाना छोड़ें, फिर दो दिन करें। धीरे-धीरे बदलाव अपनाएं।



## त्रिफला से बढ़ाएं आंखों की रोशनी

**त्रिफला शरीर के लिए एक संपूर्ण स्वास्थ्यवर्धक टॉनिक के रूप में काम करता है। त्रिफला न केवल पाचन क्रिया को सुधारता है बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है।**

### पाचन तंत्र के लिए वरदान

त्रिफला का सबसे बड़ा लाभ इसकी पाचन शक्ति को बढ़ाने की क्षमता है। यह कब्ज, गैस, और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।





त्रिफला में मौजूद फाइबर आंतों को साफ करता है और मल त्याग को आसान बनाता है।

### कैसे करें उपयोग ?

रात में सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण को गुनगुने पानी के साथ लेने से पाचन क्रिया में सुधार होता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है

त्रिफला में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। यह शरीर को संक्रमण और मौसमी बीमारियों से बचाने में सहायक है।

### आंखों की रोशनी के लिए लाभकारी

त्रिफला आंखों की रोशनी को बढ़ाता है और नेत्र रोगों से बचाने में मदद करता है। इसके पानी से आंखें धोने से जलन और थकान कम होती है। नियमित रूप से इसका सेवन दृष्टि में सुधार लाता है।

### त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद

त्रिफला खून को साफ करता है जिससे त्वचा पर निखार आता है। यह बालों को झड़ने से रोकता है और उन्हें घना व मजबूत बनाता है। शहद के साथ त्रिफला पाउडर मिलाकर खाने से त्वचा पर चमक आती है और बालों की मजबूती बढ़ती है।

### वजन घटाने में मददगार

त्रिफला चयापचय को तेज करता है और वसा को जलाने में मदद करता है जिससे वजन घटाने में सहायक होता है। सुबह खाली पेट त्रिफला पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं और वजन नियंत्रित रहता है।

### कैंसर विरोधी गुण

कुछ शोधों के अनुसार त्रिफला में कैंसर विरोधी तत्व होते हैं जो ट्यूमर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने में मदद कर सकते हैं बल्कि यह एक संपूर्ण स्वास्थ्य टॉनिक भी है। इसके नियमित सेवन से पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता, त्वचा और बालों का स्वास्थ्य सुधरता है।

# तालिब बंधु प्रकरण में आया उफ़ान, बढ़ रहा सियासी तापमान

## पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को हाउस/कार्यालय अरेस्ट किया





**बिजनौर (चिंगारी)। तालिब बंधु प्रकरण को लेकर जिले का सियासी तापमान बढ़ता जा रहा है। एक तरफ जहां लम्बी चुप्पी के बाद भाजपा नेता भारतेंद्र सिंह के समर्थन में लामबंद हो रहे हैं, वहां दूसरी ओर विपक्ष इस प्रकरण को राजनीतिक मुद्दा बनाने में तुला है। समाजवादी पार्टी के अब कांग्रेस भी इस मामले में कूद पड़ी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित प्रतिनिधिमंडल को आज कांग्रेस के जिला कार्यालय पर पुलिस द्वारा हाउस/कार्यालय अरेस्ट कर लिया गया। यह प्रतिनिधिमंडल आज जिला कारागार में बंध तालिब बंधुओं से मुलाकात करने जाने वाला था।**

## तालिब बंधुओं से जिला कारागार जाने वाला था कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

उधर पूर्व मंत्री ओमवती तथा जिलाध्यक्ष हैनरीता सिंह को पुलिस ने उनके आवास विकास स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष की पुलिस अधिकारियों से तीखी बहस हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता सिंह ने पुलिस की कार्रवाई को तानाशाही बताया। कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। तालिब बंधुओं के साथ अन्याय हो रहा है। पुलिस ने बलपूर्वक रोककर हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने तालिब बंधुओं के प्रकरण में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गठित किया था, जिसमें पूर्व मंत्री ओमवती, जिलाध्यक्ष हैनरीता सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, पूर्व सचिव नीरज चौधरी, चितवन शर्मा और मुनीश त्यागी को शामिल किया गया था। यह कांग्रेस नेता आज तालिब बंधुओं से मिलने जिला कारागार जाने वाले थे, इससे पहले ही पुलिस ने इन्हें कार्यालय में नजरबंद कर दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई।

पूर्व सचिव नीरज चौधरी ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष और जनता की आवाज को पुलिस के बल पर दबा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी हाईकमान के आदेश पर तालिब बंधुओं से जेल में मिलने जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भाजपा के दबाव में तालिब बंधुओं का उत्पीड़न कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने इसी तरह आगे भी एकतरफा कार्रवाई की तो कांग्रेस हाईकमान को अवगत कराकर आंदोलन किया जायेगा।

चितवन शर्मा ने सवाल उठाया कि अगर तालिब बंधु कोई गैर कानूनी काम कर रहे थे तो उसे रोकना प्रशासन का काम था न कि भारतेंद्र सिंह का। वरिष्ठ नेता मुनीश त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के लिये जाति और धर्म विशेष का उत्पीड़न कर रही है। इस अवसर पर विक्रम सिंह, अनिल त्यागी आदि मौजूद रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल मैच बैंक टीम ने जीता

नजीबाबाद (चिंगारी)। नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन बैंक टीम व तहसील टीम के बीच मुकाबला रहा। क्रिकेट मैच बैंक विभाग ने जीत लिया। रविवार को अंपायर फाजिल अली व विनीत कुमार की निगरानी में दोनों टीमों के बीच मैच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाकर जीत हासिल की। तहसील टीम ने 14.3 ओवर में 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बैंक टीम से सुशील ने 29 बॉल पर 65 रन बनाए। सायम ने 25 बॉल में 38 रन बनाए तथा 4 विकेट लिए व बैंक टीम से सायम मैंन ऑफ द मैच रहे। तहसील टीम से जैकी कुमार ने 22 बॉल में 36 रन बनाए व फाइटर ऑफ द मैच रहे। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने सायम को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व जैकी कुमार को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। टूर्नामेंट में मौ0 अहसान व सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। स्कोरिंग रितेश द्वारा की गई। टूर्नामेंट के सातवें दिन बैंक विभाग व रोडवेज टीम के बीच फाइनल का मैच खेला गया। बैंक विभाग ने मैच जीत लिया। सर्वप्रथम टैस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया तथा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी तथा प्रकृति अग्रवाल, शगुन, मायनशी कश्यप, इशिका, ईशानी, यशस्वी, परविंदर आदि द्वारा राष्ट्रगान किया। रोडवेज ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। मैन ऑफ द सीरीज मौ. सायम खान, बेस्ट बॉलर कृष्णा, बेस्ट फील्डर हरिसिंह, बेस्ट बैट्समैन-मोंटी, बेस्ट कीपर मौ. दानिश, मैच में फाजिल अली व संतोष कुमार अंपायर रहे। सुखदेव सिंह व मोहम्मद अहसान द्वारा शानदार कंमेंट्री की गई। मैन ऑफ द मैच द फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉक्टर महमूद अहमद द्वारा दी गई। इस अवसर पर चेयरमैन इंजी0 मुअज्जम, साहनपुर चेयरमन खुर्शीद मंसूरी, पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद, हाजी मौ. विसाल, सुरेंद्र सिंह, सतनाम सिंह बाजवा, फईम अंसारी, मौ. अनवर अंसारी, जैनुल आबेदीन, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, आदित्य विक्की, हिना अग्रवाल, विनीता, शगुन प्रजापति, प्रकृति अग्रवाल, ईशानी आदि रहे।




## युवक की मौत पर कार्रवाई ना होने से नाराज ग्रामीणों ने सीओ कार्यालय का किया घेराव

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम फजलपुर हबीब उर्फ ज्वाली कला में करीब दस दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में पुलिस कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को सीओ कार्यालय का घेराव व नारेबाजी कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बताया जाता है कि स्वर्गीय सुरेश चंद के पुत्र अखिलेश व अरविंद ने सूअर पालन के लिए कुछ लोगों से रुपये उधार लिए थे। 25 मार्च को वह अरविंद व अखिलेश को बाइक पर साथ ले गये थे। देर शाम तक अखिलेश के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिलने पर उसकी लोकेशन ग्राम महावतपुर नहर पटरी पर मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो दोनों युवक बदहवास हालत में पड़े मिले। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिजनों का आरोप है कि अरविंद ने अखिलेश को शराब में जहर देकर मार दिया, लेकिन नामजद तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। घटना के दस दिन बीत जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर सीओ कार्यालय का घेराव किया। सूचना पर थाना प्रभारी अमित कुमार ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी भी वहां पहुंचे तथा ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। घेराव के दौरान कृष्ण गोपाल, सोपाल सिंह, मुकेश कुमार, धर्मवीर सिंह, अर्जुन सिंह, महेश, नागेंद्र, योगेश, शकुंतला, बाला देवी, शारदा देवी, गुड्डी व राजबाला समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# चोरी की दो वारदातों का 24 घंटे के भीतर खुलासा

**शेरकोट ( चिंगारी )। दो बंद घरों में हुई लाखों रुपए की सनसनीखेज चोरी की वारदातों का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार कर सोने, चांदी के ज़ेवर, नकदी व अन्य सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए चोर का चालान कर घटनाओं में शामिल उसके अन्य साथियों को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।**

गौरतलब है कि नगर के मुहल्ला तराई निवासी फरीद अहमद पुत्र जहीर अहमद बीते शुक्रवार की रात अपने परिजनों के साथ घर बंद कर किसी विवाह समारोह में गए थे। इस दौरान रात में अज्ञात चोर उनके मकान के ताले तोड़कर घर में रखे लाखों रुपए के सोने, चांदी के जेवर, नकदी, मोबाइल आदि सामान चुराकर ले गए थे। पड़ोसियों द्वारा सूचना दिये जाने पर पहुंचे गृह स्वामी ने पुलिस को सूचना दी थी। दूसरी घटना को अज्ञात चोरों ने नगर के मुहल्ला बकरकसाबान में अंजाम दिया था। अलमास अहमद पुत्र बहार



## एक आरोपी गिरफ्तार, जेवर, नकदी व अन्य सामान बरामद

अहमद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ देहरादून गए हुए थे। इस बीच चोरों ने उनके बंद घर को खंगाल डाला और लाखों रुपए के सोने, चांदी के ज़ेवर, विदेशी मुद्रा, और ज़रूरी कागजात आदि कीमती सामान चुराकर ले गए थे। एक ही रात में दो बंद मकानों में हुई लाखों रुपए की चोरी की इन वारदातों से पुलिस में हड़कंप मच गया था। दोनों गृहस्वामियों द्वारा शनिवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने देर रात एक चोर को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर सोने, चांदी के ज़ेवर, विदेशी मुद्रा, मोबाइल और अलमास अहमद के ज़रूरी कागज़ात बरामद कर लिए। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का नाम नफीस पुत्र इदरीश निवासी मोहल्ला मिर्दगान थाना कोतवाली शहर बिजनौर है और ये शातिर किस्म का अपराधी है।

पुलिस के मुताबिक उसने पूछताछ में बताया कि चोरी में नौशाद पुत्र शमशाद निवासी मोहल्ला पक्का बाग धामपुर हाल निवासी मोहल्ला काजीपाड़ा, बिजनौर और रहीम पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला लडापुरा बुखारा बिजनौर भी उसके साथ शामिल थे। नफीस के पास से चोरी हुए सामान सहित घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त होने वाली एक बाइक, लोहे का कटर, आरी का ब्लैड, लोहे का सरिया भी बरामद हुआ है। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों को भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटनाओं का खुलासा करने में थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक मोहित कुमार, योगेश कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, यशवीर राठी, अंकुर कुमार, गौरव सिरोही, नितिन यादव शामिल रहे। पुलिस द्वारा किए गए इस खुलासे की लोग सराहना कर रहे हैं।

# हज के अराकान बताये

**चांदपुर ( चिंगारी )। इस वर्ष हज पर जाने वाले लोगों को हज के अराकान बताये गये। कार्यक्रम में हज ट्रेनर डा. जमील अहमद, अय्यूब अहमद, डा. शहादत हुसैन, एड. मौ. आसिफ, फहद अली खां, मौ. शादाब, मौ. इमरान, मुख्तार अहमद अंसारी ने हज पर जाने वाले लोगों को हज के अराकान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर हाजी नफीस अहमद, नाजिम खान, अफजल फारूकी, डा. शहादत हुसैन, दिलशाद अहमद, मौ. फहीम, रऊफ अहमद, नफीस अहमद, मेहर आलम, मौ. शाहरुख, शमीम अहमद, बहार आलम, रफीउज्जमा, आशी, नईम अहमद आदि मौजूद रहे।**

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# मधुमिता देशवाल को मिली पीएच.डी. की उपाधि

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्षों की लगन, साधना और समर्पण का प्रतिफल तब सामने आया, जब मधुमिता देशवाल ने भारतीय राजनीति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (एक विश्लेषणात्मक अध्ययन) पर शोधपूर्ण कर भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर से पीएचडी की उपाधि अर्जित की।



उनका यह शोध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के विचार से आरम्भ होकर, भारतीय राजनीति के व्यापक परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक भूमिका, कार्यप्रणाली एवं प्रभावों का गहन और सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत करता है। जिसे समकालीन राजनीतिक विमर्श में एक महत्वपूर्ण अकादमिक योगदान के रूप में देखा जा रहा है। इस शोध यात्रा में प्रो. डा. दिनेश मांडोत का गाइड के रूप में मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा। मधुमिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पति कुंवरदीप देशवाल और अपने बच्चों संस्कृति और सिद्धान्त को दिया। साथ ही संघ जैसे विराट विषय को समझते हुए कार्य करने की प्रेरणा का कार्य उनके पिता डा. नरेन्द्र सिंह तोमर (पूर्व विभाग संघचालक) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ने किया। माता-पिता गुरुजनों, परिवार, मित्रों एवं संघ के अनेक प्रचारकों के मार्गदर्शन से यह पूजा के समान कार्य पूर्ण हो पाया।

# आग में घी डालने का प्रयास कर रहे सपाई - शिवसेना



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना की एक बैठक बसंती देवी धर्मशाला में शिवसेना राज्य उपप्रमुख पंडित नरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री शोभित गुर्जर के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में बोलते हुए शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि जिले में भारतेन्द्र सिंह व तालिब बंधुओं के बीच जो विवाद चल रहा है, उसमें समाजवादी पार्टी के विधायक व नेता आग में घी डालने का कार्य कर रहे हैं, जिससे जिले का माहौल खराब होने की संभावना है। शासन-प्रशासन को उनके बयानों पर तुरंत रोक लगनी चाहिए, जिससे जिले का माहौल खराब न हो। अगर यह नेता नहीं मानते तो शिवसेना जिले के अंदर हिंदू संघर्ष समिति का गठन करके सभी हिंदू संगठनों को साथ लेकर बिजनौर में एक हिंदू महापंचायत करेगी। बैठक में मुकेश लंबा, भूपेंद्र कुमार, दिनेश तोमर, शोभित गुर्जर, धर्मवीर सिंह तोमर, योगेश कुमार, राहुल कुमार, अरुण सैनी, मनीष सैनी, राहुल त्यागी, राजीव अहलावत, बंटी शेरावत, संदीप चौहान, प्रियांशु चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कुंवर दीप देशवाल बने प्रान्तमंत्री

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रान्त की मुजफ्फरनगर में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) श्रीमान पंकज गोयल ने बिजनौर से कुंवर दीप देशवाल की पदोन्नति करते हुये जिला अध्यक्ष से प्रान्तमंत्री बनाने की घोषणा की तथा बिजनौर जिला प्रभारी भी बनाया। उसके बाद सभी ने उन्हें बधाई दी। इसी बैठक में जिला अध्यक्ष विवेक अहलावत, जिला महामंत्री श्वेत रस्तौगी व मोहित अहलावत और जिला उपाध्यक्ष, योगेन्द्रपाल योगी बिजनौर,



अवधेश शर्मा किरतपुर, दीपक सैनी चांदपुर, दीपक अरोड़ा किरतपुर, सुरेन्द्र सिंह नजीबाबाद, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी यश वशिष्ठ, जिला मंत्री हितेश तुली, पंकज कुमार, विरेन्द्र सिंह, मानिक गुप्ता की घोषणा हुई। युवा जिला अध्यक्ष सिद्धान्त अग्रवाल, महामंत्री शिवम सिंघल, महिला जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा, महामंत्री मधु भूषण व अलका विश्नोई आदि की घोषणाएं की गईं।

# नाबालिग को बंधक बनाकर दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** नाबालिग को बंधक बनाकर उससे रेप के प्रयास के आरोपी को रेहड़ पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। इस मामले में एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया था कि शुक्रवार की प्रातः उसकी पुत्री गांव में ही अपने दादा के घर खाना बनाने जा रही थी कि रास्ते से एजाज नामक युवक ने उसे अपने घर में खींच लिया और बंधक बनाकर उसके साथ जबरन बलात्कार करने का प्रयास किया, जिससे उसके कपड़े तक भी फट गए थे। युवती के पिता ने बताया कि एजाज व उनके परिजनों के चंगुल से मुक्त हुई उसकी पुत्री जब किसी तरह घर पहुंची तब उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। रेहड़ पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी एजाज के विरुद्ध बीएनएस की धारा 76/127(2)/351(2) व पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी एजाज उर्फ आजाद पुत्र आबिदुल्ला उर्फ हफीजुर्रहमान निवासी ग्राम रायपुरी थाना रेहड़ को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है।

# तरबियत प्ले स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रविवार की अपराह्न एक भव्य कार्यक्रम के बीच आदर्श प्रेस क्लब के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार एस.एम. असलम ने कासमपुर गढ़ी में इस शिक्षण सत्र से प्रारंभ हुए तरबियत प्ले स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया। अलीगढ़ कान्वेंट स्कूल में खोले गए इस प्ले स्कूल के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में एस.एम. असलम ने कामयाब जिंदगी की मजबूत बुनियाद के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वाले प्ले स्कूल को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने इस स्कूल की शुरुआत के लिए गय्यूर अली खान को बधाई दी और उन्हें हर संभव सहयोग का यकीन दिलाया। गय्यूर अली खान ने स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ तमाम जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का क्षेत्रवासियों को यकीन दिलाया। इस मौके पर अनेक अतिथियों एवं अभिभावकों सहित तमाम गणमान्य लोग बहुत मौजूद रहे।



तरबियत प्ले स्कूल का उद्घाटन करते पत्रकार एस.एम. असलम

# फैजान हत्याकाण्ड में मोनू को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )। सप्तम अपर जिला जज अशोक भारतेंदु ने करीब सात वर्ष पूर्व फैजान की हत्या में शामिल अभियुक्त मोनू उर्फ फरमान को दोषसिद्ध पाकर आजीवन कारावास की सजा तथा 120हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान के अनुसार शेरकोट के मोहल्ला इमामबाड़ा के इमामुद्दीन पुत्र जाविर ने थाने पर 9 फरवरी 2019 को गुमशुदगी दर्ज कराई थी जिसमें उसने बताया कि उसका 10 वर्षीय लड़का फैजान स्कूल से वापस आकर मोहल्ले में खेलने गया था और तभी से गायब था। जांच में खुलासा हुआ के उसी के मोहल्ले का मोनू उर्फ फरमान पुत्र मसाहिद उसके 10 वर्षीय लड़के फैजान को अपने घर ले गया था। उस समय मोनू के घर पर उसके परिजन नहीं थे। मोनू ने फैजान का मुंह कपड़े से बंद कर दिया। फैजान के परिजनों ने फैजान की तलाश की। पकड़े जाने के डर से मोनू ने फैजान का मुंह बंद करके उसकी हत्या कर दी थी। और हत्या का सबूत



मिटाने के मकसद से उसकी लाश को एक प्लास्टिक के कट्टे में भरकर मस्जिद के पीछे फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने फैजान की हत्या का जुर्म इकबाल किया। फरमान उर्फ मोनू ने बताया कि 9 फरवरी को फैजान को वह अपने घर ले गया था। और उसने बताया कि घटना से 15 -20 दिन पहले ताश खेलते वक्त किसी बात को लेकर फैजान के पिता इमामुद्दीन से आरोपी की कहा-सुनी सुनी हो गई थी। तब उसने भुगत लेने की धमकी दी थी। मोनू की निशानदेही पर ही मस्जिद के पीछे से फैजान का शव बरामद हुआ था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि मोनू उर्फ फरमान हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने हत्या की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में अपर जिला जज अशोक भारतेन्दु ने अभियोजन की ओर से पेश किए गए सबूत को मद्देनजर नजर रखते हुए मोनू उर्फ फरमान को दोषसिद्ध पाकर आजीवन कारावास तथा बारह हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई हैं।

# कांग्रेसियों ने मनाई बाबू जगजीवन राम की जयंती



कांग्रेस नेताओं ने बाबू जगजीवन राम जी को श्रद्धांजलि दी।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार गुरमुख सिंह दीवान के आवास पर श्रदांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए फलों का वितरण किया इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह दीवान ने कहा कि बाबू जगजीवन राम को बाबू जी कहा जाता था। वह महान स्वतंत्रता सेनानी व राजनेता व संविधान सभा के सदस्य थे। बाबू जगजीवन राम जी देश के प्रथम दलित उपप्रधानमंत्री बने। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह दीवान, जिला सचिव अनुराग शर्मा, मोहसिन खान, ब्लॉक अध्यक्ष मलखान सिंह, नगराध्यक्ष निजामुद्दीन, उपाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ मिकरानी, जिला महासचिव (सेवा दल) डा. मोहम्मद अशरफ, मंडल अध्यक्ष सरदार महेंद्र सिंह, सरदार बृजनंदन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आकिब को क्लीन चिट देने के मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाना भारी पड़ा

## तत्कालीन नांगल थानाध्यक्ष सस्पैंड, सीओ को हटाया गया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पिछले वर्ष नवंबर माह में इंस्टाग्राम पर कथित एके-47 और हैंड ग्रेनेड के साथ बनाया गया लाइव वीडियो वायरल होने के बाद नांगल थाने में दर्ज हुए मुकदमे की पुन: विवेचना होगी। दरअसल, यूपी एटीएस द्वारा देशविरोधी गतिविधियां संचालित कर रहे तथा पाकिस्तानी हैंडलर्स से जुड़े गिरोह को पकड़े जाने के बाद खुलासा हुआ है कि इस गिरोह के मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल को पाकिस्तानी हैंडलर्स से उक्त मुकदमे में नामजद आकिब खान ने ही इंस्टाग्राम के माध्यम से मिलवाया था, जबकि तत्कालीन नांगल थानाध्यक्ष ने उक्त मुकदमे में चंद घंटे बाद ही फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। नांगल थानांतर्गत ग्राम सौफतपुर का निवासी मैजुल पुत्र शौकीन मंसूरी पिछले लगभग साढ़े तीन साल से साउथ अफ्रीका के जोहांसबर्ग में रहकर नाई का काम करता है। जबकि उसका पिता दुबई में रहकर काम करता है। 21 नवंबर, 2023 को बीजेपी से जुड़े एड. कार्तिक बालियान ने एक्स पर यूपी पुलिस, बिजनौर पुलिस, डीआईजी मुरादाबाद और यूपी एसटीएफ से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर का निवासी मैजुल टेररिस्ट-इन-मेकिंग है तथा अत्याधुनिक रायफलों व हैण्ड ग्रेनेड़ों के साथ इस्टाग्राम लाइव करता है। उक्त प्रकरण में नांगल थाना प्रभारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया था कि मुकदमे की जांच के दौरान यह तथ्य निकलकर सामने आये थे कि हथियारों का प्रदर्शन करने वाला युवक मैजुल नहीं है, वह आकिब पुत्र नासिर निवासी ग्राम सठला, थाना मवाना, जिला मेरठ है। आकिब इंस्टाग्राम आईडी पर लाइव वीडियो बना रहा था, जबकि मैजुल तथा दो अन्य युवक उस समय उसके साथ लाइव जुड़े हुए थे। आकिब वर्तमान में सऊदी अरब में रहकर ड्राइवर का कार्य कर रहा है।



जिसे ए के 47 बताया, वो निकला प्लास्टिक का खिलौना

हेंड ग्रेनेड निकला परफ्यूम की शीशी, मुक़दमा एक्सपंज

आकिब को क्लीनचिट देने सम्बन्धी प्रकाशित खबर

तत्कालीन थानाध्यक्ष ने आकिब से वीडियो कॉल पर बात की थी, तो उसने बताया था कि जो एके-47 जैसा हथियार वीडियो में दिखाया जा रहा है, वह प्लास्टिक का खिलौना है तथा कथित हैंड ग्रेनेड एक परफ्यूम की शीशी है। पुलिस ने आकिब की बात पर विश्वास कर लिया था तथा इसकी पुष्टि हेतु आकिब द्वारा बनाया गया एक वीडियो भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया था। सतेन्द्र मलिक के अनुसार इस प्रकरण में किसी अपराध का होना नहीं पाया गया था और चंद घंटों बाद ही मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी। लेकिन अब ये मामला तत्कालीन नांगल थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक के गले की फांस बन गया है। दरअसल यूपी एटीएस ने देशविरोधी गतिविधियों को संचालित करने तथा पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहने के आरोप में एक गिरोह को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का मुख्य आरोपी मेरठ का साकिब उर्फ डेविल पुत्र शकील अहमद है, जो नाई का काम करता है। अन्य आरोपी अरबाब, विकास उर्फ रौनक तथा लोकेश उर्फ पपला पंडित हैं। एटीएस का कहना है कि साकिब का परिचय पाकिस्तानी हैंडलर्स से आकिब के द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से कराया गया था। उनका यह भी कहना है कि आकिब के एके-47 के साथ कई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं, जिनकी जांच कराई जा रही है। वह वर्तमान में दुबई में रह रहा है। नांगल में दर्ज उक्त मुकदमे में आकिब को क्लीनचिट देने के मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक को तत्काल प्रभाव से सस्पैंड कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच आरम्भ कर दी गई है। जबकि क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह को उनके शिथिल पर्यवेक्षण के कारण नजीबाबाद सर्किल से हटा दिया गया है। उक्त मुकदमे की फाइनल रिपोर्ट को रोकते हुए पुन: विवेचना शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि मैजुल अभी भी साउथ अफ्रीका में है।

**एटीएस ने बताया...** *एटीएस ने प्रेस कॉफ्रेंस करके बताया कि पकड़ा गया गिरोह रेलवे सिग्नल बॉक्स को नष्ट करने, सिलेंडर से भरे ट्रकों में आग लगाने, राजनीतिक व्यक्तियों की रेकी करने जैसी योजनायें बना रहा था। इनका उद्देश्य देश में अराजकता पैदा करना तथा दहशत का माहौल कायम करना था।*

*“ एटीएस द्वारा पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रह रहा देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त गिरोह पकड़े जाने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है कि सौफतपुर निवासी मैजुल के मवाना, मेरठ निवासी आकिब से किस तरह के सम्बन्ध हैं। आकिब के पाकिस्तानी हैंडलर्स से सम्बन्ध होने और पकड़े गये गिरोह के मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल की भी पहचान कराने का मामला सामने आने के बाद मैजुल को लेकर जांच एजेंसियों के कान खड़े हो गये हैं। पुलिस और आईबी, एटीएस आदि अन्य जांच एजेंसियों द्वारा बारीकी से जांच की जा रही है कि मैजुल, साकिब के साथ इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो में क्यों जुड़ा था ? क्या मैजुल भी पाकिस्तानी हैंडलर्स के सम्पर्क में है। इन तमाम सवालों के जवाब जांच के बाद ही सामने आ पायेंगे।*

# अनेक न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण

## अपर जिला जज रामअवतार यादव का कुशीनगर, पाक्सो एक्ट न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र शुक्ल का कौशांबी को तबादला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा न्यायिक अधिकारियो का स्थानांतरण किया गया है। प्रथम अपर जिला जज रामअवतार यादव और अतिरिक्त पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश प्रकाश चंद्र शुक्ला, चतुर्थ अपर जिला जज निजेन्द्र कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी स्थानांतरित किए गए हैं।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी सूचना के अनुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामअवतार यादव को कुशीनगर (पडरौना), अपर जिला जज निजेन्द्र कुमार को हमीरपुर, अपर जिला जज तालेवर सिंह को मैनपुरी, अतिरिक्त पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश प्रकाश चंद्र शुक्ला कौशांबी, फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश श्रेय शुक्ला को सहारनपुर, अपर जिला जज नगीना अनुपम सिंह को कानपुर नगर स्थानांतरित किया गया है। अपर जिला जज शहजाद अली बुलंदशहर से बिजनौर, अपर जिला जज मोहम्मद शारिक सिद्दीकी जौनपुर से नगीना, अपर जिला जज कमलदीप सहारनपुर से बिजनौर, अपर जिला जज सुनील कुमार तृतीय हरदोई से बिजनौर, अपर जिला जज लोकेश कुमार एल आर लखनऊ से बिजनौर आ रहे हैं। इसके अलावा सिविल जज सीनियर डिवीजन अंशुमान धुन्ना को गोंडा,अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन शोभा भाटी को लखनऊ, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन दीप्ति सिंह गाजियाबाद, दीक्षा यादव अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन लखीमपुर खीरी, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन नगीना अक्षय दीप यादव को शामली स्थानांतरित किया गया है। जबकि उनके स्थान पर लघुवाद न्यायाधीश बुलन्दशहर प्रीति यादव, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन आशीष तिरानिया सादाबाद हाथरस से, अपर सिविल जज/फास्ट ट्रैक न्यायाधीश देवेश त्रिपाठी सहारनपुर से, सी जे एम संजीव कुमार त्रिपाठी गौतमबुद्ध नगर से स्थानांतरित होकर आ रहे है। जूनियर डिविजन में सिविल जज जूनियर डिविजन एकता सिंह को चंदौली, शिशिर श्रीवास्तव अपर सिविल जज जूनियर डिविजन को सोनभद्र, सिविल जज जूनियर डिविजन शिल्पा जैन को शामली, सिविल सेवा जूनियर डिविजन साधना कुमारी को गोलन गंज, सिविल जज जूनियर डिविजन चांदपुर बुशरा खुर्शीद को हापुड़, सिविल जज जूनियर डिविजन असगर अली द्वितीय नगीना से बलरामपुर, अपर सिविल जज जूनियर डिविजन नजीबाबाद एकलव्य सरोज को लखनऊ तथा अपर सिविल जज जूनियर डिविजन नजीबाबाद शालिनी द्वितीय को लखनऊ भेजा गया है, जबकि उनके स्थान पर सिविल जज जूनियर डिविजन अनूपशहर बुलंदशहर से मयंकसिंह, जुडिशियल मजिस्ट्रेट चित्रकूट से, अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन कौशांबी से हुमा, अरुण कुमार राठौर ग्रामीण न्यायालय गोला लखीमपुर से नजीबाबाद, अरुण कुमार राणा सिविल जज जूनियर डिविजन कुलापुर (महोबा) से चांदपुर, अपर सिविल जज जूनियर डिविजन प्रतापगढ़ यतेंद्र पाल सिंह, अपर सिविल जज नेहा राजन और अपर सिविल जज जूनियर डिविजन सुभाष सीतापुर से नगीना तथा जुडिशियल मजिस्ट्रेट चंदौली से ग्रामीण न्यायालय धामपुर आ रहे है।

# बाबू रामपाल सिंह की 18वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

## बाबूजी के आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि- डॉ. बीरबल सिंह



हवन में आहूति देते हुये परिजन व अन्य।

चंदक (चिंगारी)। पूर्व विधायक एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन बाबू रामपाल सिंह की 18वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर बाबूराम पाल सिंह के आदर्शों पर चलते रहने का संकल्प व्यक्त किया गया।

आर पी एस पब्लिक स्कूल चंदक में स्वर्गीय बाबू रामपाल सिंह जी की पुण्यतिथि पर हवन किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने आहूति देकर बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर डॉ. बीरबल सिंह ने अपने पूज्य पिताजी स्व. रामपाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबूजी के आदर्शों और मूल्यों को सहेजकर रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रीमती इंदिरा सिंह चेयरपर्सन नगरपालिका परिषद बिजनौर, विपिन कुमार सभापति सहकारी समिति, रवीन्द्र पाल सिंह, पूर्व चेयरमैन कलिराम सिंह, ब्लाक प्रमुख नजीबाबाद तपराज सिंह देशवाल, बृजकुमार सिंह चेयरमैन गन्ना समिति नजीबाबाद, डॉ. तेजपाल सिंह, वी के त्यागी, पूर्व चेयरमैन सत्यपाल सिंह, ओमपाल प्रधान, अरुण कुमार प्रधान जी, गौरव राजपूत, मझलेश सिंह, मायाराम सिंह, दिलेर सिंह, राकेश सिंह, रणवीर सिंह, संजय बिश्नोई एडवोकेट, सभासद अमित ठाकुर, सभासद अभिषेक राणा, सभासद तुषार चौधरी, सभासद प्रभाकर, सभासद चौधरी विजेंद्र सिंह एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, आर पी एस स्टाफ व आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज स्टाफ आदि उपस्थित रहे।



स्व. बाबू रामपाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये डॉ. बीरबल सिंह।

## लक्ष्य चौधरी बने गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गौ रक्षा दल के प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी एवं मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष हर्षित चौधरी ने संगठन जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की है।



रविवार को काली माता के मंदिर में एक बैठक उपस्थित हुई जिसमें प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी एवं मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष हर्षित चौधरी के संरक्षण में लक्ष्य चौधरी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।। इसी के साथ अन्य पदाधिकारी को भी दायित्व सौंपे गए। जिनमें सुजल वर्मा जिला उपाध्यक्ष, मनोज नगर अध्यक्ष बिजनौर, अरुण नगर उपाध्यक्ष किरतपुर, अभिषेक नगर अध्यक्ष किरतपुर, विवेक नगर प्रभारी झालू, हिमांशु ठाकुर नगर उपाध्यक्ष बिजनौर, लक्ष्य वर्मा जिला प्रभारी जिला बिजनौर, आदित्य नगर मंत्री बिजनौर बनाए गए। इस अवसर पर देश भर में बढ़ाने एवं गौ माता की रक्षा का संकल्प लिया गया।

## महर्षि कश्यप व निषाद महाराज जयंती के अवसर पर 51 हजार रुपये की धनराशि भेंट की

बिजनौर (चिंगारी)। सृष्टि रचयिता भगवान महर्षि कश्यप एवं निषाद महाराज की जयंती रविवार को इंदिरा बल भवन में कश्यप समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाखन सिंह कश्यप ग्राम खिरनी रहे। कार्यक्रम में लाखन सिंह ने 51 हजार रुपये की धनराशि की सहायता दी व 2100 रुपये की सदस्यता रसीद कटवायी कार्यक्रम कमेटी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को भव्य बनाने में कश्यप समाज का सहयोग रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष हिमांशु कश्यप (डायरेक्टर-मर्सी अस्पताल), रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप, निषाद पार्टी के संगठन अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष नवीन कश्यप आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की सफलता के लिये वक्ताओं ने कार्यक्रम के जिम्मेदार लोगों की सराहना की।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाखन सिंह।

# भारतेंद्र सिंह के साथ तालिब बंधुओं का दुर्व्यवहार असहनीय- सुशांत सिंह

## मुख्यमंत्री योगी जी से मिलकर कठोर कार्रवाई की मांग करूंगा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने भी भारतेंद्र सिंह को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कुंवर सुशांत सिंह ने कहा कि खालिद, तालिब और आबिद द्वारा भारतेंद्र सिंह के साथ किया गया आपत्तिजनक व्यवहार अत्यंत निंदनीय है। यह कृत्य न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सामाजिक अनुशासन के विरूद्ध भी है। बढ़ापुर विधायक ने कहा कि भारतेंद्र सिंह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ, समर्पित एवं निष्ठावान नेता हैं। वह मेरे पूज्य पिताजी स्व. कुंवर सर्वेश सिंह के साथ विधानसभा और लोकसभा में निर्वाचित सदस्य रह चुके हैं तथा उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कुंवर सुशांत सिंह ने कहा कि उन्होंने इस प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया है और वह माननीय मुख्यमंत्री जी से शीघ्र वार्ता कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग करेंगे, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकार या हमारी पार्टी के सम्मानित नेताओं के साथ इस प्रकार का दुस्साहस न कर सके।





जीवन पर्यन्त गरीबों,मजलूमों की आवाज उठाने वाले बिजनौर टाइम्स ग्रुप के संस्थापक, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

स्व. बाबू सिंह चौहान जी

की 27वीं पुण्य तिथि पर

कोटि-कोटि नमन

सुरेन्द्र मलिक शिक्षक नेता, चांदपुर

# अखण्ड ज्योति प्रज्वलन के साथ श्याम महोत्सव समाप्त


कोटद्वार में श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुति देती भजन गायिका ज्योति पाल।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से आयोजित सप्तम श्री श्याम महोत्सव का भजन संध्या के साथ समापन हो गया है।

नजीबाबाद रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित महोत्सव के समापन समारोह का आरंभ पं. चंडी प्रसाद बेबनी एवं सीताराम शर्मा सहित समिति के सदस्यों द्वारा श्याम बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बाबा को छप्पन भोग लगाए गए। इसके बाद ग्वालियर से पधारी भजन गायिका ज्योति पाल व गाजियाबाद से पधारे भजन गायक प्रशांत सूर्यवंशी बाबा ने भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान समिति संरक्षक रतन अग्रवाल, संजय मित्तल, नरेंद्र मित्तल,अवधेश अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, नीता मित्तल और रूपाली अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जनता उपस्थित रही।

# वैष्णवी बिष्ट ने नैनीताल का नाम किया रोशन



**नैनीताल ( चिंगारी )।** विगत दिनों महाराणा प्रताप स्टेडियम, देहरादून में आयोजित 400 मीटर में वैष्णवी ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

वैष्णवी बिष्ट वर्तमान में कक्षा 11 की छात्रा हैं और मोहनलाल शाह बाल विद्या मंदिर, नैनीताल में पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी वह निरंतर प्रगति कर रही हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और कहा है कि वैष्णवी की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। वैष्णवी की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच निखिल आर्य और निहारिका गुसाईं,स्कूल की प्रिंसिपल अनुपमा साह और सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। उनका कहना है कि हमेशा से ही उनके प्रिंसिपल और शिक्षकों ने उनको बहुत समर्थन दिया है। उनके योग्यदान और आशीर्वाद से वैष्णवी ने यहां तक का सफर तय किया है। उनके माता-पिता का भी विशेष योगदान है। उनके पिता संजय बिष्ट बिज़नेस मैन है और माता अनुभा बिष्ट सेंट जोसेफ कॉलेज में शिक्षिका हैं। वो हमेशा बच्ची को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कठिन परिस्थितियों और खेल की चुनौतियों के बावजूद माता-पिता ने हर कदम पर उनका साथ दिया। वैष्णवी का कहना है कि परिवार का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

**दादा जी रहे हॉकी खिलाड़ी :** वैष्णवी के परिवार की खेल परंपरा भी प्रेरणादायी रही है। उनके दादाजी सुरेंद्र सिंह बिष्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने पटियाला से हॉकी कोचिंग में डिप्लोमा किया है और सेना में कोच के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं। दादाजी की खेल भावना और अनुशासन से प्रभावित होकर ही वैष्णवी ने खेलों में अपना करियर बनाने का संकल्प लिया। यही कारण है कि आज वे अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंची हैं।

## “ पूरे उत्तराखंड में हर्ष की लहर

**छोटी उम्र में मिली यह बड़ी उपलब्धि निश्चित ही न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे ज़िला के लिए गौरव का विषय है। वैष्णवी बिष्ट ने यह साबित कर दिया है कि यदि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास हो तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह सकता। उनकी यह सफलता नैनीताल की बेटियों और उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।**

# प्रयासरत हैं महापौर शम्भू पासवान होगा जल भराव की समस्या का समाधान



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम ऋषिकेश के वार्ड संख्या 35, 36 एवं 37 में प्रतिवर्ष होने वाली जलभराव की गंभीर समस्या के स्थायी समाधान हेतु महापौर शम्भू पासवान ने शासन स्तर पर ठोस पैरवी की है। इस संबंध में महापौर ने सचिव, आपदा प्रबन्धन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को पत्र प्रेषित कर नाली निर्माण हेतु विशेष धनराशि आवंटित करने का अनुरोध किया है। महापौर ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि इन क्षेत्रों में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बरसात के समय बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे स्थानीय निवासियों के घरों में पानी घुस जाता है और घरेलू सामान को भारी क्षति पहुंचती है। इसके साथ ही सड़कों पर जमा होने वाले गंदे पानी के कारण बच्चों और बुजुर्गों का आवागमन बाधित होता है तथा क्षेत्र में डेंगू एवं मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियाँ फैलने का भय बना रहता है। इस महत्वपूर्ण परियोजना की कुल लागत लगभग 1.80 करोड़ रुपये आंकी गई है। महापौर ने बताया कि नगर निगम अपने सीमित आर्थिक संसाधनों से 50 लाख रुपये की राशि वहन करने को तैयार है, जबकि शेष 1.30 करोड़ रुपये की मांग आपदा प्रबन्धन विभाग से की गई है। उन्होंने शासन से आग्रह किया है कि जनहित और आपदा से सुरक्षा को देखते हुए यह धनराशि जल्द स्वीकृत की जाए, ताकि आगामी मानसून सत्र के शुरू होने से पहले ही निर्माण कार्य पूरा कर क्षेत्रवासियों को राहत दी जा सके।

## स्वामी दयानन्द के आदर्श आज भी प्रासंगिक : खण्डूड़ी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आर्य समाज ध्रुवपुर का 74 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने आर्य समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। वार्षिकोत्सव का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कहा कि आर्य समाज पूर्व से ही समाज में जागरूकता, शिक्षा और सामाजिक सुधारों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

# बाल भारती स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित, 73 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विमला-कुंदन सेवाग्राम ट्रस्ट एवं आधारशिला रक्तसमूह के तत्वावधान व महंत इन्दिरेश अस्पताल देहरादून के सहयोग से बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंगदानी स्वर्गीय कुणाल रावत एवं स्वर्गीय मोहित चावला की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 73 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का आरंभ करते हुए ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी गिरिराज सिंह रावत ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान एवं अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। आधारशिला रक्तसमूह के संचालक एवं वरिष्ठ समाजसेवी दलजीत सिंह ने ट्रस्ट की ओर से चलाये जा रहे अभियान की सफलता को प्रेरणादायक पहल बताया। अंत में स्कूल प्रधानाचार्य हिमानी रावत ने सभी युवा एवं महिला रक्तदाताओं व स्वयं सेवकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सतीश मौर्य, रवींद्र भारद्वाज, शिवम नेगी, शंकर बहादुर थापा, प्रदीप बड़ोला, संदीप बिष्ट व नितिन दिवाकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मानव सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई कार्य नहीं : बाबा राम सिंह



## निर्मल आश्रम अस्पताल ने लगाया रक्तदान शिविर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभा रहे निर्मल आश्रम अस्पताल ऋषिकेश द्वारा निर्मल आश्रम खैरी कलां में 18वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एन.जी.ए. एवं एन.ई.आई के तीन दिन तक चलने वाले समागम के दूसरे दिन परिवर्तन चैरिटेबल वर्ल्ड बैंक के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

अस्पताल चिकित्सा निदेशक डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा साल में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और इस कड़ी में यह 18वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर है। इस यज्ञ में 114 लोगों ने स्वेच्छित रक्तदान के जरिए मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। उन्होंने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ निर्मल आश्रम के महंत बाबा राम सिंह जी महाराज ने स्वयं रिबन काट कर किया। इस मौके पर महाराज जी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को जीते जीते रक्तदान एवं मरणोंपरांत नेत्रदान का संकल्प लेना चाहिये तथा मानव सेवा से बढ़कर दुनियां में कोई कार्य नहीं है। इस दौरान संत जोध सिंह जी महाराज ने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम की ओर से चल रहे जन कल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. इंदु शर्मा, अमन कुमार, अजय शर्मा, आत्म प्रकाश कोचर, ललिथा कृष्णास्वामी, डॉ. सुनीता शर्मा, अमृतपाल डंग, करमजीत सिंह, चरनजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## लोक सूचना

सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल ताहिरा बेगम पत्नी मौ. आफताब निवासी निवासी इंदिरानगर आम पड़ाव तहसील कोटद्वारा, जिला पौड़ी गढ़वाल ने अपने पुत्र मौ. गुफरान व उसका परिवार से उसकी बुरी आदतों के कारण संबंध समाप्त कर दिए है। मेरे उपरोक्त मुवक्किल ने अपने पुत्र मौ. गुफरान को अपनी सभी चल अचल सम्पत्तियों से भी विमुक्त और वंचित कर दिया है। जो कोई भी मौ. गुफरान के साथ लेनदेन करेगा, वह अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा और मेरी मुवक्किल किसी भी कार्य या लेनदेन के लिए जिम्मेदार नहीं होंगी।

**विश्व राज पंवार (अधिवक्ता)**

## बाइक डिवाइडर से टकराने से एक की मौत, दूसरा घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। बाइक डिवाइडर से टकराने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर के कोटद्वार रोड स्थित भारत टॉकीज ओवरब्रिज से अफजाल अहमद (30वर्ष) पुत्र इदरीश अहमद कुरैशी, नाजिम (50वर्ष) पुत्र मुन्ना निवासीगण मोहल्ला पठानपुरा के साथ सुबह सवेरे अपनी मोटरसाईकिल से किसी काम से नगीना जा रहा थे, जैसे ही उनकी मोटरसाईकिल भारत टॉकिज ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचे तो अचानक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे दोनों वही गिरकर घायल हो गये। राहगीरों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने अफजाल अहमद को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथी मोहम्मद नाजिम की हालत नाजुक देखते हुए उसे निजी अस्पताल से सीएचसी समीपुर में रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अफजाल की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया।

## सूचना

मेरा नाम मौहम्मद शादान पुत्र मौहम्मद हसीब है, जो वास्तव में सही है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम मौहम्मद शादान पुत्र मौहम्मद हसीब के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**–मौहम्मद शादान पुत्र मौहम्मद हसीब, निवासी मौहल्ला (पालोमल कालोनी) मुनीरगंज, नजीबाबाद जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश**

## नाम परिवर्तन सूचना

**मैंने अपना नाम सलीम अख्तर SALEEM AKHTAR से बदलकर SALEEM AKHTER S/O MOHD SADDIQUE निवासी मोहल्ला शेखान, कस्बा शेरकोट, जिला बिजनौर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।**











